अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक

# राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 153 लखनऊ, बुधवार, 17 दिसम्बर 2025 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### बांग्लादेशी नौसेना की टक्कर से डूबा भारतीय ट्रॉलर, 5 मछुआरे लापता

दक्षिण 24 परगना। बांग्लादेशी नौसेना के जहाज की टक्कर से डूबे भारतीय मछुआरों के ट्रॉलर में सवार 16 में से 11 मछुआरों को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि 5 मछुआरे अब भी लापता हैं और उनकी तलाश जारी है। सुंदरबन मछुआरा संघ के सचिव सतीनाथ पात्रा ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश कोस्ट गार्ड का जहाज, जिसकी लाइटें बंद थीं, तेज गति से ट्रॉलर से टकराया और दुर्घटना के बाद बिना किसी बचाव अभियान के बांग्लादेशी जलक्षेत्र में लौट गया। लापता राखाल दास की बेटी रोटी पोद्दार ने कहा, ''मैंने आखिरी बार शनिवार को अपने पिता से बात की थी। मुझे उसके बाद ही हादसे की खबर मिली। हालांकि 11 लोगों को बचा लिया गया है, लेकिन मेरे पिता अभी भी लापता हैं। हम बहुत परेशान हैं।

### खेती, स्वास्थ्य और डिजिटल समावेशन में लाभ उठा सकता है जॉर्डन : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को 'भारत-जॉर्डन बिजनेस मीट' को संबोधित करते हुए खेती, स्वास्थ्य और डिजिटल समावेशन के क्षेत्र में सहयोग का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक विश्वास और भविष्य के आर्थिक अवसर दोनों देशों को आपस में जोड़ते हैं। भारत-जॉर्डन व्यापार मंच में आज प्रधानमंत्री किंग अब्दुल्ला द्वितीय और उनके युवराज अल-हुसैन बिन अब्दुल्ला द्वितीय के साथ शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भारत और जॉर्डन के बीच व्यापार, व्यवसाय और निवेश संबंधों को और मजबूत करने के क्षेत्रों पर प्रकाश डाला।

# हंगामे के बीच मनरेगा से जुड़ा 'जी राम जी' विधेयक पेश

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष के विरोध के बीच ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार से जुड़े गारंटी योजना मनरेगा में बदलाव से जुड़ा 'जी राम जी' विधेयक पेश किया गया। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर आपत्ति जताते हुए विपक्ष ने विधेयक का विरोध किया। ज्यादातर सदस्यों ने विधेयक को सदन की स्थायी समिति को भेजे जाने का अनुरोध किया।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत-रोज़गार और





आजीविका मिशन (ग्रामीण) के लिए गारंटीः (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025 पेश किया। यह विधेयक विकसित भारत अ2047 के राष्ट्रीय विज़न के साथ जुड़ा एक ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करेगा। इसमें हर वित्तीय वर्ष में हर ग्रामीण परिवार को 125 दिनों के रोज़गार की कानूनी गारंटी दी जाएगी। इसमें परिवार के वयस्क सदस्य को उनकी इच्छा पर बिना किसी कौशल वाला काम दिया जाएगा। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी देशवासियों के दिलों में बसते हैं और उन्होंने एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय के कल्याण की सोच दी थी।

### सोनिया गांधी ने उठाया संसद में महिला कर्मियों का मुद्दा,

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को राज्यसभा में आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं जैसी महिला कर्मियों की बदहाली का मुद्दा उठाया और उनका मानदेय बढाने जाने की मांग की। उन्होंने आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं , सहायिकाओं और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं की स्थिति की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि मोदी सरकार महिला सशक्तिकरण के सारे दावों के विपरीत इन महिलाओं को कम मानदेय और बिना सामाजिक व व्यावसायिक सुरक्षा के अधिक काम करने को मजबूर कर रही है। श्रीमती गांधी ने इन महिला कर्मियों के लिए सम्मानजनक वेतन और सामाजिक सुरक्षा की मांग की।

# योगी सरकार की बड़ी पहल : सेवा निर्यातकों के लिए पहली बार लागू होगी विपणन विकास सहायता योजना

- नई उत्तर प्रदेश निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-30 के तहत सेवा क्षेत्र को मिलेगा वैश्विक बाजार में मजबूती का अवसर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने सेवा क्षेत्र के निर्यात को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। राज्य में सरकार नई उत्तर प्रदेश निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025ऽ30 के अंतर्गत पहली बार सेवा निर्यातकों के लिए समर्पित विपणन विकास सहायता योजना लागू करने जा रही है, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए वित्तीय सहयोग मिलेगा। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने सेवा निर्यात के लिए अलग और विशेष विपणन सहायता नीति लागू की है।

# लखनऊ छावनी परिषद को रक्षा मंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली / लखनऊ। छावनी क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ करने की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए लखनऊ छावनी परिषद को कैंटोनमेंट बोर्ड स्कूलों के कामकाज में सुधार के लिए रक्षा मंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा प्रदान किया गया। इस उपलब्धि के अंतर्गत– प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल : कैंटोनमेंट बोर्ड, अहिल्यानगर, सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी स्कूल : कैंटोनमेंट बोर्ड, लखनऊ के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सुधारों को विशेष रूप से सराहा गया। लखनऊ छावनी परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक राठौर ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। उनके नेतृत्व में छावनी बोर्ड स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, अधोसंरचना का उन्नयन, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा, शिक्षक-छात्र सहभागिता तथा समग्र प्रशासनिक सुधारों के प्रभावी प्रयास किए गए। इस अवसर पर रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा संपदा संगठन के प्रतिनिधि तथा देशभर की विभिन्न छावनी परिषदों के अधिकारी उपस्थित रहे। यह सम्मान न केवल लखनऊ छावनी परिषद की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि छावनी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति सरकार की प्राथमिकताओं को भी रेखांकित करता है।

# उत्तर प्रदेश में सड़क हादसों में 31 की मौत

- एक्सप्रेसवे पर कोहरे के चलते टकराए दस वाहन, टक्कर के बाद लगी आग ने मचाया कोहराम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सड़क हादसों के लिहाज से मंगलवार का दिन अमगंल ही रहा। कोहरा और तेज रफ्तार के चलते प्रदेश के कई जिलों में मार्ग दुर्घटनाएं हुईं। सोमवार की देर रात और मंगलवार को हुई इन दुर्घटनाओं में 31 लोगों की मौत हुई है और 87 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इनमें सबसे भीषण हादसा में मथुरा जिले में एक्सप्रेसवे पर हुआ है।यहां वाहनों के आपस में टकराने के बाद आग लगने से 13 लोग जिंदा जल गए। इसके अलावा बस्ती और उन्नाव जिले में चार-चार और लखनऊ, बागपत व बहराइच में दो-दो, नोएडा, मीरजापुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र जिले में एक-एक लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में जानहानि पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की हैं। और कई घटनाओं में मुआवजे का भी ऐलान किया है। साथ ही उन्होंने घायलों के बेहतर इलाज के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी किया है।

मथुरा जिले के बलदेव थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के 127 किलोमीटर माइलस्टोन के पास मंगलवार तड़के कोहरे की वजह से कई वाहन आपस में टकरा गई। टक्कर के बाद सात बसों और तीन कारों में आग लग गई। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 70 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को मथुरा और वृंदावन के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। भीषण आग से शव बुरी तरह जल गए हैं, जिनकी पहचान होना मुश्किल है। प्रशासन ने मृतकों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट कराने की व्यवस्था की है। केवल कुछ ही शवों की शिनाख्त हो सकी है। मथुरा जिला प्रशासन हादसे के संबंध में हेल्पलाइन नंबर 0565-2403200 जारी किया गया है। किसी भी समस्या या जानकारी के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा के मोबाइल नंबर 9454417583 और एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत के मोबाइल नंबर 9454401103 पर संपर्क किया जा सकता है। जनपद उन्नाव में बागंरमऊ कोतवाली क्षेत्र स्थित आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। बांगरमऊ सीओ संतोष सिंह ने बताया कि फॉच्यूनर कार टायर फटने से बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई।


# यूपी में फरवरी तक मंत्रिमंडल विस्तार के संकेत

## भूपेंद्र चौधरी समेत बन सकते हैं 3-4 नए मंत्री

- फरवरी 2026 तक योगी मंत्रिमंडल विस्तार के संकेत
- 3-4 नए मंत्रियों को मिल सकती है जगह
- भूपेंद्र सिंह चौधरी का मंत्री बनना लगभग तय
- डॉ. महेंद्र सिंह और आकाश सक्सेना मजबूत दावेदार
- नए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी देंगे केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा
- विस्तार से पहले दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व के साथ मंथन
- सरकार-संगठन के तालमेल पर रहेगी खास नजर

मनोज शुक्ला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद अब योगी सरकार 2.0 के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार की तैयारियां तेज हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, फरवरी 2026 तक मंत्रिमंडल विस्तार किया जा सकता है, जिसमें 3 से 4 नए चेहरों को मंत्री पद की जिम्मेदारी मिल सकती है। करीब 11 महीनों से प्रदेश अध्यक्ष









चयन और मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चल रहा इंतजार 13 दिसंबर को खत्म हुआ, जब महराजगंज से सांसद और केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी को यूपी भाजपा की कमान सौंपी गई। इसके बाद अब सरकार में फ़ेरबदल की संभावनाएं और मजबूत हो गई हैं।

**भूपेंद्र चौधरी का मंत्री बनना तय माना जा रहा-** राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का मंत्रिमंडल में शामिल होना लगभग तय माना जा रहा है। जाट समाज से फिलहाल योगी कैबिनेट में कोई कैबिनेट मंत्री नहीं है। भूपेंद्र चौधरी को पंचायतीराज मंत्री पद से हटाकर संगठन की जिम्मेदारी दी गई थी और अब उनके समायोजन के लिए मंत्रिमंडल विस्तार जरूरी हो गया है। इसके साथ ही मांट से विधायक राजेश चौधरी भी मंत्री पद की दौड़ में बताए जा रहे हैं। सरोजनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह भी मंत्री पद की दौड़ में हैं।

**डॉ. महेंद्र सिंह और आकाश सक्सेना भी रेस में-** सूत्र बताते हैं कि मध्य प्रदेश के भाजपा प्रभारी एवं एमएलसी डॉ. महेंद्र सिंह को भी कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है। वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और संगठन महामंत्री शिवप्रकाश के करीबी माने जाते हैं। वहीं रामपुर से विधायक आकाश सक्सेना, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में सपा नेता आजम खान को हराया था, भी मजबूत दावेदार हैं। चर्चा है कि वह वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण सक्सेना की जगह ले सकते हैं। इसके अलावा पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा, प्रतीक भूषण सिंह, ठाकुर रामवीर सिंह और राजेश्वर सिंह के नाम भी चर्चा में हैं।

**पंकज चौधरी देंगे केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा-** भाजपा के एक व्यक्तिऽएक पद सिद्धांत के तहत नए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पद से इस्तीफा देना होगा। सूत्रों के मुताबिक, वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से मुलाकात के बाद इस्तीफा सौंप सकते हैं।

**केशव प्रसाद मौर्य का कद बढ़ने के संकेत-** राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पंकज चौधरी के अध्यक्ष बनने से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का संगठन में प्रभाव बढ़ेगा। दोनों ही केंद्रीय नेतृत्व के करीबी और पिछड़ा वर्ग से आते हैं। ऐसे में पार्टी की कोर कमेटी में दोनों का पलड़ा भारी रह सकता है।

**सरकार-संगठन में तालमेल पर नजर-** पंकज चौधरी के अध्यक्ष बनने के बाद माना जा रहा है कि केंद्र और आरएसएस का दखल प्रदेश भाजपा में बढ़ेगा। वहीं मुख्यमंत्री योगी और नए प्रदेश अध्यक्ष ने साफ संकेत दिए हैं कि सरकार और संगठन कंधे से कंधा मिलाकर 2027 की तैयारी करेंगे।

**पंचायत चुनाव पहली बड़ी परीक्षा-** पंकज चौधरी के सामने पंचायत चुनाव पहली बड़ी राजनीतिक परीक्षा होंगे। पार्टी पहले से इसकी तैयारी में जुटी है, लेकिन अब चुनाव की कमान सीधे प्रदेश अध्यक्ष के हाथ में होगी। पूर्वांचल की राजनीति की गहरी समझ को भाजपा के लिए बड़ा प्लस माना जा रहा है।

**राजनीतिक नियुक्तियों का रास्ता खुलेगा-** मंत्रिमंडल विस्तार के साथ-साथ प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों का भी सिलसिला शुरू हो सकता है। विभिन्न आयोगों, बोर्डों और निगमों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्तियां होने की संभावना है। कुल मिलाकर, नए प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी के बाद योगी सरकार में बदलाव तय माने जा रहे हैं, जिनका सीधा असर 2027 के चुनावी रोडमैप पर दिख सकता है।

### बंगाल में मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित, 58 लाख से अधिक नाम हटाए गए

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित कर दिया गया है। राज्य में कुल सात करोड़ 66 लाख 37 हजार 529 पंजीकृत मतदाताओं में से सात करोड़ आठ लाख 16 हजार 630 मतदाताओं ने अपने गणना प्रपत्र जमा किए हैं, जो कुल मतदाताओं का 92.40 प्रतिशत है। मृत्यु, पलायन और गणना प्रपत्र जमा नहीं करने सहित अन्य कारणों से 58 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार यह चरण चार नवंबर 2025 से 11 दिसंबर 2025 तक चला। इस दौरान पारदर्शिता और समावेशन को प्राथमिकता देते हुए व्यापक स्तर पर मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई। अधिकारियों के अनुसार यह भागीदारी विशेष गहन पुनरीक्षण के पहले चरण की बड़ी सफलता मानी जा रही है। इस प्रक्रिया में 24 जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों, 294 निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों, 3059 सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों और 80 हजार 681 मतदान केंद्रों पर तैनात बूथ लेवल अधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही। इसके साथ ही राज्य के सभी आठ मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और एक लाख 81 लाख 454 बूथ लेवल एजेंटों ने भी सहयोग किया। बयान में आगे बताया गया कि एसआईआर के दौरान जिन मतदाताओं के फॉर्म नहीं मिले, उनमें वे लोग शामिल हैं जो अन्य राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता बन चुके हैं, जिनका अस्तित्व नहीं पाया गया या जो 11 दिसंबर तक फॉर्म जमा नहीं कर सके या जिन्होंने किसी कारण से मतदाता के रूप में पंजीकरण की इच्छा नहीं जताई।

# अहसास अपनों के लिए: जब सेवा संस्कार बन जाए

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





नोएडा। समाज केवल संबंधों से नहीं बनता, वह संवेदना, सहभागिता और संस्कारों से जीवित रहता है। जब अपने लोग अपने ही समाज के नन्हे चेहरों की सर्दी, पीड़ा और जरूरत को समझते हैं, तब सेवा किसी औपचारिक कार्यक्रम का नाम नहीं रहती, वह संस्कार बन जाती है। ऐसा ही एक जीवंत उदाहरण है अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा (पंजीकृत) की नोएडा शाखा सभा द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित सेवा कार्यक्रम अहसास अपनों के लिए नौवां वार्षिक गरम वस्त्र (जैकेट) वितरण कार्यक्रम दिनांक 16 दिसंबर 2025 को यह सेवा पर्व सेक्टर-122 स्थित बारात घर, नोएडा में अत्यंत आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ।

सेवा भारती नोएडा महानगर (आर एस एस) संस्कार केंद्रों के बच्चों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के सहयोग से सर्दी से बचाव हेतु गरम जैकेटों का वितरण किया गया। यह केवल वस्त्र वितरण नहीं था, बल्कि उन मासूम बच्चों को यह भरोसा देना था कि समाज उनके साथ खड़ा है।

नोएडा शाखा सभा के अध्यक्ष संजय गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. अनुप गुप्ता, मंत्री आनंद गुप्ता, उपमंत्री अजय गुप्ता (अज्जू), कोषाध्यक्ष अनुज कुमार गुप्ता, कोष निरीक्षक राजकुमार गुप्ता एवं कार्यसमिति सदस्य विष्णु गुप्ता के नेतृत्व में इस आयोजन को समाज के हर वर्ग का भरपूर सहयोग मिला। महिला मंडल की सक्रिय भागीदारी सोनाली गुप्ता अध्यक्षा, पल्लवी गुप्ता मंत्राणी, मीनू गुप्ता कोषाध्यक्षा, रुचि गुप्ता कार्य समिति सदस्या, ने कार्यक्रम में मातृत्व, करुणा और अपनत्व का विशेष भाव जोड़ा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की आँखों में चमक और चेहरे पर मुस्कान देखकर यह स्पष्ट हो गया कि सेवा का वास्तविक फल वहीं मिलता है, जहाँ अहंकार नहीं, अपनापन होता है। समाज के वरिष्ठजनों, संरक्षकों और गणमान्य स्वजातीय बंधुओं में महासभा अध्यक्षीय सलाहकार प्रवीण गुप्ता, मनोनीत मंडल अध्यक्ष अश्विनी गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, मंडल मंत्री रामजी लाल, मनोनीत केंद्रीय रक्तदान प्रभारी मीना गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, अनुराग गुप्ता, लता गुप्ता, नीलम गुप्ता, प्रणव गुप्ता, रामकुमार गुप्ता,सुमित गुप्ता, उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी केवल बातों तक सीमित नहीं, बल्कि कर्म में उतरती है। नोएडा शाखा सभा मंत्री आनंद गुप्ता जी बताया कि सेवा भारती नोएडा महानगर की ओर से अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश गुप्ता, मंत्री अरुण चौहान, उपाध्यक्ष अमृत पाल सिंघला, कोषाध्यक्ष एस.के. अग्रवाल तथा बिगहा मंत्री श्री पवन गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को दिशा और उद्देश्य प्रदान किया। उन्होंने समाज की इस एकजुटता को सेवा संस्कार का सशक्त उदाहरण बताया।

अहसास अपनों के लिए आज केवल एक वार्षिक आयोजन नहीं रहा, यह समाज की सामूहिक चेतना का प्रतीक बन चुका है। यह कार्यक्रम हमें याद दिलाता है कि जब हम एक-दूसरे के लिए खड़े होते हैं, तभी समाज मजबूत होता है, संस्कार आगे बढ़ते हैं और आने वाली पीढ़ी को सही दिशा मिलती है। नोएडा शाखा सभा का यह प्रयास निश्चय ही समाज के अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणा बनेगा और सेवा की यह परंपरा आने वाले वर्षों में और व्यापक स्वरूप लेगी।

# रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 10,78,402 बालिकाएं प्रशिक्षित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में प्रदेश में बालिकाओं की सुरक्षा, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने की दिशा में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम ठोस और मापनीय परिणामों के साथ आगे बढ़ रहा है। यह पहल अब केवल नीतिगत घोषणा तक सीमित नहीं रही, बल्कि प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी 10,78,402 बालिकाओं के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाला सकारात्मक परिवर्तन बन चुकी है। शैक्षिक सत्र 2025-26 में अब तक (अद्यतन) प्रदेश के 38,465 विद्यालयों में कुल 10,78,402 बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। ये आंकड़े केवल उन्हीं बालिकाओं के हैं, जिन्होंने विद्यालय स्तर पर रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता की है। यह तथ्य कार्यक्रम की गंभीरता, सहभागिता और प्रभावशीलता को स्पष्ट रूप से रेखांकित करता है। यह प्रशिक्षण बालिकाओं को केवल आत्मरक्षा की तकनीक ही नहीं सिखा रहा, बल्कि उनमें आत्मसम्मान, सतर्कता, साहस और निर्णय क्षमता का भी समग्र विकास कर रहा है। विद्यालय परिसरों में नियमित अभ्यास और प्रशिक्षित मार्गदर्शन के माध्यम से बालिकाएं स्वयं को अधिक सुरक्षित, सजग और आत्मनिर्भर महसूस कर रही हैं। गौरतलब है कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आज प्रशिक्षित बालिकाओं के माध्यम से

## बालिकाओं को आत्मविश्वास, साहस और आत्मनिर्भरता का संबल दे रही सरकार: संदीप सिंह

सुरक्षित, सशक्त और निडर भविष्य की मजबूत नींव रखता हुआ स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से हम प्रदेश की बेटियों को केवल आत्मरक्षा के कौशल ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, साहस और आत्मनिर्भरता का संबल दे रहे हैं। विद्यालयों में दिया जा रहा यह प्रशिक्षण बालिकाओं को सुरक्षित भविष्य के



लिए तैयार कर रहा है और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग व सशक्त बना रहा है। सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि प्रत्येक प्रशिक्षित बालिका स्वयं को सक्षम और निडर महसूस करे। भारत सरकार की पीएबी के अंतर्गत प्रतिवर्ष स्वीकृत बजट के माध्यम से संचालित इस कार्यक्रम के लिए शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रदेश के 45,656 उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में क्रियान्वयन के लिए 2282.80 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसका उद्देश्य विद्यालय स्तर पर बालिकाओं को व्यवस्थित, नियमित और गुणवत्तापूर्ण आत्मरक्षा प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम की प्रभावी निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यूडीआईएसई+ के माध्यम से विकसित आईसीटी आधारित 'वीरांगना' मॉनिटरिंग पोर्टल का उपयोग किया जा रहा है। इस पोर्टल पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली बालिकाओं की प्रतिदिन की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की जाती है। साथ ही प्रशिक्षण वीडियो, बेस्ट प्रैक्टिसेज़, फोटोग्राफ्स और मोटिवेशनल कंटेंट भी उपलब्ध कराया गया है, जिससे विद्यालय स्तर पर प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। स्कूल शिक्षा महानिदेशक मोनिका रानी ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का प्रभाव विद्यालयों में प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दे रहा है। आईसीटी आधारित 'वीरांगना' मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण की सतत निगरानी, ऑनलाइन उपस्थिति रिकॉर्ड और गुणवत्तापूर्ण कंटेंट यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि बालिकाओं को नियमित और प्रभावी प्रशिक्षण मिले। यह कार्यक्रम शैक्षिक परिवेश को सुरक्षित बनाने के साथ-साथ बालिकाओं के व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# गर्लफ्रेंड का कमरा खाली कराया तो बॉयफ्रेंड ने सिर फोड़ा, 5 लाख नगद और गहने लूटे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में किराएदार के बॉयफ्रेंड ने साथियों के साथ घर में घुसकर ठेकेदार पर जानलेवा हमला किया। तमंचे के बट से उनका सिर फोड़ दिया। हमलावर ठेकेदार को गोली मारने की धमकी देकर 5 लाख नगद और लाखों के गहने लूटकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की है। घटना पारा थाना क्षेत्र के बुद्धेश्वर स्थित आदर्श विहार कॉलोनी की है। आदर्श कॉलोनी निवासी जल निगम के ठेकेदार पिंटू शर्मा ने बताया- 15 दिसंबर की रात करीब 8.30 बजे घर में अकेले थे। इस बीच किराएदार का बॉयफ्रेंड अपने साथियों के साथ घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। पिंटू शर्मा ने बताया 15 दिसंबर को मेरी पत्नी मायके गई थी। रात करीब 8. 30 बजे 4 युवकों ने गेट खटखटाया। मैंने छोटा वाला गेट खोला। चारों युवक धक्का देकर अंदर घुस गए। उनमें से 2 युवकों के हाथ में असलहा था। उन्होंने तमंचे के बट से वार करके उनका सिर फोड़ दिया। युवकों ने उनकी कमर में तमंचा सटा दिया। गोली मारने की धमकी देकर उनसे अलमारी की चाबी छीन ली। अलमारी खोलकर 5 लाख रुपए नगद और डेढ़ तोले की सोने की चेन, करीब 7 ग्राम अन्य गहने लूट लिए। पूरा सामान बिखेर दिया। पिंटू शर्मा ने बताया मेरे घर की दूसरी मंजिल पर शकुंतला विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा भारती किराए पर रहती थी। किराया नहीं देने के विवाद में 5-6 दिन पहले उससे कमरा खाली करा लिया था। उसका फ्रिज अपने पास रख लिया था। कहा था कि किराया देकर फ्रिज ले जाना।

# लखनऊ में 49 किलो गांजा संग तस्कर गिरफ्तार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र में पुलिस व एंटी नारकोटिक्स टीम की संयुक्त कार्रवाई में सोमवार देररात रायबरेली से लखनऊ लाई जा रही गांजे की बड़ी खेप पकड़ी गई। कार्रवाई के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

उपनिरीक्षक अनुज कुमार तिवारी ने मंगलवार को बताया कि तस्कर की पहचान रायबरेली के पूरे जिगना देव निवासी अनिकेत मौर्या के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान कार से 49 किलो गांजा, दो मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पूछताछ में तस्कर ने बताया कि वह कार से गांजा की तस्करी करता है। रात को वह गांजा लेकर कार से लखनऊ की ओर जा रहा था, तभी निगोहां5नगराम रोड पर घेराबंदी कर पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

उपनिरीक्षक ने बताया कि तस्कर के पास से बरामद गांजा रायबरेली से लाया जा रहा था, जिसे लखनऊ में खपाने की योजना थी। आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, तस्करी के लिए गांजा उपलब्ध कराने वाले सरगना की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

## लखनऊ में छात्र ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

लखनऊ। विकासनगर थाना क्षेत्र स्थित जानकीपुरम सेक्टर-सी में एक किशोर ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई। विकासनगर थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि जानकीपुरम सेक्टर-सी निवासी महेन्द्र प्रताप जायसवाल का बेटा आर्यन जायसवाल (16) कक्षा 9वीं का छात्र था। परिजनों के मुताबिक, किशोर सोमवार की बीती रात घर के ऊपरी तल पर बने अपने कमरे में सोने गया था। मंगलवार सुबह जब परिजन उसे जगाने पहुंचे तो आर्यन का शव कमरे की छत में लगे कुंडे से रस्सी के सहारे फंदे पर लटका रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटना के बारे में परिवार से पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# टी-20 मैच से पहले लखनऊ में टीम इंडिया का मूवी ब्रेक, देखा 'धुरंधर'

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाले चौथे टी-20 मुकाबले से पहले टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने लखनऊ में कुछ समय सुकून के साथ बिताया। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी सोमवार रात फीनिक्स पलासियो मॉल पहुंचे, जहां उन्होंने रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म 'धुरंधर' देखी।

टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव, शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा सबसे पहले मॉल पहुंचे। इसके बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर समेत अन्य खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ भी वहां पहुंचे। सभी खिलाड़ियों ने रात 10:30 बजे का शो देखा। यह मॉल इकाना क्रिकेट स्टेडियम के पास स्थित है। बुधवार को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज का चौथा मुकाबला लखनऊ



के इकाना स्टेडियम में खेला जाना है। पांच मैचों की सीरीज में भारतीय टीम फिलहाल 2-1 से आगे चल रही है। इससे पहले सोमवार शाम दोनों टीमें धर्मशाला से लखनऊ पहुंची थीं। अमौसी एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों का उत्साहपूर्ण स्वागत देखने को मिला। हार्दिक पांड्या ने हाथ हिलाकर प्रशंसकों का अभिवादन किया, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव काले चश्मे में नजर आए और उन्होंने लखनऊ पहुंचने पर खुशी जताई। शुभमन गिल रिलैक्स मूड में दिखे, वहीं संजू सैमसन और तिलक वर्मा आपस में बातचीत करते नजर आए। दोनों टीमों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शहर के एक नामी होटल में ठहराया गया है। खिलाड़ियों के पहुंचने से पहले होटल परिसर में डॉग स्क्वॉड और बम स्क्वॉड द्वारा सघन जांच की गई। इधर, मुकाबले को लेकर शहर में क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है। इकाना स्टेडियम में टीम इंडिया की वैकल्पिक प्रैक्टिस सत्र शाम 5 बजे से निर्धारित है। इसी दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की जाएगी, जबकि साउथ अफ्रीका की टीम दोपहर 1:30 बजे अभ्यास करेगी। मैच के टिकट 500 रुपये से लेकर 25 हजार रुपये तक उपलब्ध हैं, जिन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और स्टेडियम काउंटर से खरीदा जा सकता है।

## सपा के पीडीए की जहरीली सोच कामयाब नहीं होगी : राकेश त्रिपाठी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अखिलेश यादव के बयान को लेकर समाजवादी पार्टी पर पलटवार किया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने मंगलवार को जारी एक बयान के माध्यम से एसआईआर के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार किया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने मंगलवार को कहा कि अखिलेश यादव की पीडीए की जहरीली सोच कामयाब नहीं होगी। उत्तर प्रदेश का युवा किसी प्रकार से जाति के खांचे में बंटने वाला नहीं है। सबका साथ सबका विकास के आधार पर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के संगठनात्मक चुनाव से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव इस कदर परेशान हो गए हैं कि जातीय वैमनस्यता को बढ़ाने के लिए समाज में कैसे जहर घोला जा सके, उसका प्रयास कर रहे हैं। लगातार ट्वीट कर रहे हैं। नई पोस्ट लिख रहे हैं। ''भ्रम फैलाना अफवाह फैलाना उनकी आदत बन गयी है।

## मगध में कमल खिल चुका है, अब अवध में भी खिलेगाः केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी(सपा) को पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के मुद्दे पर आड़े हाथों लिया है। उप मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि 'सपा बहादुर अखिलेश यादव का तथाकथित पीडीए न ज़मीन पर है और न ही जनमानस में।



कार्यकर्ताओं के नाम पर सपा के पास वही पुराना गुंडे, माफियाओं और अपराधियों का कुनबा है, जिसे जनता बार-बार सिरे से ख़ारिज कर चुकी है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मगध में कमल खिल चुका है, अब अवध में भी कमल खिलेगा और 2027 में यह और अधिक प्रचंड होगा। पंचर साइकिल के साथ सपा का सैफ़ई लौटना तय है।

# प्रदेश सरकार माध्यमिक शिक्षा को बढ़ावा देते हुए विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का कर रही है विकास

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा का उद्देश्य गुणवत्तापरक शिक्षा, संज्ञानात्मक, सामाजिक, भावनात्मक कौशल, मनोदैहिक क्षेत्र की विभिन्न दक्षताओं को अर्जित करने के साथ उच्च शिक्षा तथा कौशल विकास हेतु तैयार करना एवं दक्षता संवर्द्धन, रचनात्मकता और मौलिकता की वृद्धि करना है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 29216 माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं। माध्यमिक शिक्षा आर्थिक विकास तथा सामाजिक न्याय की स्थापना को सुविधाजनक बनाती है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में शिक्षा को बढ़ावा देते हुए तकनीकी एवं रोजगार परक शिक्षा पर बल दिया है। सरकार ने माध्यमिक शिक्षा के लिए अधिक से अधिक इण्टर कालेज का निर्माण कराया है। सरकार ने नवीन विद्यालयों की स्थापना एवं अवस्थापना सुविधाओं का विस्तार किया है। प्रदेश में 41 नए इंटर कॉलेज, 215 राजकीय हाई स्कूल का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है तथा 60 नए इंटर कॉलेजों की स्वीकृति दी है। प्रदेश में 280 नए राजकीय इंटर कॉलेज/हाई स्कूल का संचालन करते हुए शिक्षा प्रदान की जा रही है। पूर्वांचल के प्रथम एवं प्रदेश के दूसरे सैनिक स्कूल जनपद गोरखपुर की स्थापना एवं संचालन किया जा रहा है। प्रोजेक्ट अलंकार- प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश के 480 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में पुस्तकालय कक्ष, 272 प्रयोगशाला, 1116 मल्टीपरपज हाल, 577 शौचालय, 1006 पेयजल, 464 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष तथा 1167 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में चहारदीवारी एवं 184 विद्यालयों में विद्युतीकरण की सुविधाओं से संतृप्त किया गया है। माध्यमिक शिक्षा में प्रोजेक्ट अलंकार हेतु प्रदेश सरकार ने वर्ष 2022-23 में रू0 98.31 करोड़, वर्ष 2023-24 में रू0 422.00 करोड़, वर्ष 2024-25 में रू0 508.58 करोड़ व्यय एवं वर्ष 2025-26 में रू0 479.49 करोड़ के प्राविधान के सापेक्ष रू0 52.14 करोड़ आवंटित किया है। सहयोगी अनुदान- वर्ष 2023-24 में कुल 152 विद्यालयों को रू0 69.30 करोड़ की स्वीकृति के सापेक्ष रू0 25.53 करोड़ आवंटित, वर्ष 2024-25 में कुल 316 विद्यालयों को रू0 141.74 करोड़ की स्वीकृति के सापेक्ष रू0 57.55 करोड़ एवं वर्ष 2025-26 में कुल 86 विद्यालयों को रू0 2.97 करोड़ की स्वीकृति के सापेक्ष रू0 1.98 करोड़ आवंटित किया गया है। प्रदेश में राजकीय इण्टर कालेजों (बालक/बालिका) में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इण्डोर मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 23 राजकीय इण्टर कालेजों में खेल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु रू0 49.68 करोड़ की धनराशि स्वीकृत तथा मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 12 जून, 2025 को शिलान्यास किया गया है।

# डॉक्टर हों या कर्मचारी लगाना पड़ेगा अंगूठा

## सरकारी अस्पतालों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। योगी सरकार ने सरकारी अस्पतालों में कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर सख्त कदम उठाया है। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को अनिवार्य रूप से लागू कर दिया गया है। अब डॉक्टरों, अधिकारियों और कर्मचारियों को बिना बायोमेट्रिक हाजिरी के वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा।यह व्यवस्था जिला चिकित्सालयों, महिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सीएचसी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पीएचसी समेत सभी सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों में लागू होगी। स्वास्थ्य विभाग ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बायोमेट्रिक प्रणाली को तत्काल प्रभाव से सभी स्तरों पर सुनिश्चित किया जाए।सरकार का कहना है कि इसका उद्देश्य अस्पतालों में अनुशासन, समयबद्धता बढ़ाना, कर्मचारियों की अनुपस्थिति, देरी की शिकायतों पर रोक लगाना तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। बायोमेट्रिक सिस्टम से डॉक्टरों और स्टाफ की ड्यूटी पर नियमित निगरानी संभव हो सकेगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी। बायोमेट्रिक अटेंडेंस से फर्जी हाजिरी और अनुशासनहीनता पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा, जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। अस्पताल प्रमुखों को आदेश भेजकर व्यवस्था को शीघ्र लागू करने के सख्त निर्देश जारी किये गए हैं।

# होमगार्ड के बेटे की सड़क हादसे में मौत,अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के रहीमाबाद इलाके में बीती रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। बाइक को होमगार्ड का बेटा चल रहा था। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जहां पंचनामा के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। रहीमाबाद निवासी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि उनका भतीजा प्रभात यादव हजरतगंज में प्राइवेट नौकरी करता था। कल शाम को वह काम पर से घर लौट रहा था। रहीमाबाद स्थित धर्म कंटे के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह जख्मी हालत पर सड़क पर पड़ा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस उसकी अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक प्रभात यादव के पिता राज कुमार यादव उत्तर प्रदेश पुलिस में होमगार्ड हैं। इस समय उनकी ड्यूटी डीएम कार्यालय में चल रही है। अक्सर वह बेटे प्रभात के साथ ही आते जाते थे। कल ड्यूटी का समय दूसरा होने के चलते प्रभात अकेला ही ड्यूटी से घर लौट रहा था। चाचा ने बताया कि प्रभात की बाराबंकी से शादी तय थी। मार्च में शादी होनी थी। शादी को लेकर तैयारी शुरू हो गई थी। परिवार में पिता राजकुमार यादव, माता मंजू यादव, बड़ा भाई आयुष यादव, बड़ी बहन शालिनी यादव और छोटी बहन श्वेता है। पुलिस का कहना है घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। अज्ञात वाहन की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## युवक की सड़क हादसे में मौत, 3 माह पहले हुई थी बेटी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के महिगवां थाना क्षेत्र में बीती रात एक सड़क हादसे में साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। युवक मजदूरी कर अपने ससुराल जा रहा था। उमरावां चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इसके बाद पुलिस ने उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई अनुज ने बताया कि कल रात करीब 9.30 बजे भाई रामनाथ रावत उर्फ कोटे (36 वर्ष) मजदूरी कर साइकिल से अपने ससुराल मुसपिपरी जा रहे थे। तभी तथास्तु हॉस्पिटल और उमरावां चौराहा के बीच एक अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद वाहन सवार अपना वाहन लेकर भाग गया। घायल अवस्था में भाई सड़क पर ही पड़ा रहा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सौ सैय्या अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाई अनुज ने बताया कि रामनाथ रावत की 3 महीने पहले बेटी हुई थी। इसको लेकर आयोजन की तैयारियां चल रही थी। परिवार में पत्नी बिट्टू, बड़ी बेटी प्रिया और 6 वर्षीय बेटा है। रामनाथ रावत ससुराल में ही रहकर परिवार पाल रहे थे। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# क्षेत्रीय आवागमन संपर्क बढ़ाने के साथ ही प्रदेश में 'अंतिम मील कनेक्टिविटी' होगी सुनिश्चित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार विजन-2047 के लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में प्रदेश की परिवहन संरचना को सशक्त और आधुनिक बनाने पर निरंतर कार्य कर रही है। 'विकसित उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना के तहत सरकार का प्रमुख फोकस क्षेत्रीय आवागमन संपर्क की अवसंरचनाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ अंतिम मील कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने पर है ताकि प्रदेश के शहरों, कस्बों तथा औद्योगिक क्षेत्रों को तेज, सुरक्षित तथा विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। प्रदेश सरकार हाई-स्पीड परिवहन नेटवर्क के माध्यम से शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन को तेज और सुगम बनाने का व्यापक खाका तैयार कर रही है। इसके अंतर्गत प्रमुख शहरों तथा आर्थिक केंद्रों को जोड़ने के लिए हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के



विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। भविष्य की जरूरतों के अनुरूप इसे प्रदेश में एक हजार किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में किस प्रकार व्यवस्थित रूप से स्थापित किया जाए, इसे लेकर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इस नेटवर्क के साकार होने से न केवल यात्रा का समय घटेगा, बल्कि लोगों की आवाजाही आसान होने के साथ ही आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के विस्तार तथा व्यापक कायाकल्प को लेकर जो खाका तैयार किया जा रहा है, उसमें रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को सुदृढ़ करना भी शामिल है। योजना के अनुसार, प्रदेश में रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को मजबूत करने के लिए लगभग 1500 किलोमीटर क्षेत्र में विस्तारित परिवहन नेटवर्क के विकास को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना निर्माण पर काम किया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न ऑर्बिटल कॉरिडोर्स के निर्माण को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिससे शहरों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने और नगरीय क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम करने में मदद मिलेगी। ये कॉरिडोर औद्योगिक क्षेत्रों, लॉजिस्टिक्स हब तथा नगरीय केंद्रों को बेहतर तरीके से जोड़कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे। इसी कड़ी में इंटरसिटी हाइपरलूप, प्रदेश के प्रमुख शहरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं का संचालन और विस्तार तथा वॉटर मेट्रो नेटवर्क को बढ़ाने पर भी फोकस किया जा रहा है। बेहतर रीजनल कनेक्टिविटी से प्रदेश में व्यापार व उद्योग को नई दिशा मिलेगी। विभिन्न कॉरिडोर तथा परिवहन नेटवर्क के विकास से उद्योगों को कच्चे माल, बाजार तथा श्रम शक्ति तक सुगमता से पहुंच प्राप्त होगी। इससे न केवल प्रदेश में निवेश को बल मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। योगी आदित्यनाथ सरकार का मानना है कि सशक्त परिवहन अवसंरचना आर्थिक विकास की रीढ़ होती है। ऐसे में इन योजनाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप किस प्रकार आगे बढ़ाया जाए, इस दिशा में व्यापक कार्ययोजना निर्माण पर कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार की रणनीति केवल बड़े परिवहन नेटवर्क तक सीमित नहीं है, बल्कि आम नागरिकों की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अंतिम मील कनेक्टिविटी को प्रमुख प्राथमिकता दी जा रही है। रीजनल परिवहन प्रणालियों को शहरी और अर्ध-शहरी इलाकों से जोड़ने के लिए परिवहन साधनों के विकास पर जोर दिया जा रहा है, जिससे लोगों को घर से कार्यस्थल, बाजार तथा अन्य आवश्यक सेवाओं तक निर्बाध पहुंच मिल सके।

# दिव्य आलोक सेवा फाउण्डेशन के तत्वाधान में दंगल का हुआ आयोजन, विधायक ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**मल्लावाँ (हरदोई)।** नगर के जूनियर हाई स्कूल मैदान मिट्ठू बाबा स्टेडियम में आलोक सेवा फाउण्डेशन के तत्वाधान में दिव्य आलोक विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया।

जिसमे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह 'आशू' ने स्वर्गीय आलोक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि देते हुए दंगल का उद्घाटन किया। उन्होंने ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने के लिए आयोजक चन्दगी राम मिश्रा की प्रशंसा की और अपील की कि कोई भी नौजवान नशा न करें और शारीरिक स्वस्थ रहते हुए इन आयोजनों में भाग लेकर नेशनल लेबल और इंटरनेशनल लेवल पर अपनी पहचान बनाए। दंगल का मुख्य आकर्षण भूटान देश का आदिवासी पहलवान चिमचिम डोगरा रहा। दिल्ली का पहलवान बाबर भी जनता के बीच चर्चा में बना रहा। पहलवानों में बाबा अजमेरी मुन्ना गोरखपुर के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें अजमेरी पहलवान विजई रहे। राशिद सहारनपुर बिल्ला कुरुक्षेत्र के बीच में कुश्ती बराबर रही शक्तिमान बाबा हिमाचल प्रदेश तूफान सिंह झांसी मे बाबा शक्तिमान विजयी हुए संदीप गाजीपुर रामवीर मल्लावां को संदीप ने पटकनी देकर विजयी घोषित हुए चिमचिम डोगरा भूटान और हिटलर बनारस के बीच कुश्ती बराबर रही, बाबर दिल्ली, एप्पल आगरा में बाबर ने बाजी मारी। दंगल आयोजक चंदगी राम मिश्रा के अलावा चांद राम तिवारी उन्नाव, अमजद मेरठ, प्रदीप शास्त्री हरिद्वार ने दंगल के संचालन में मुख्य भूमिका निभाई।

इस मौके पर पालिका अध्यक्ष बिलग्राम अनिल कुमार राठौर रमेश सिंह ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि माधवगंज क्षेत्र पंचायत सदस्य सीपी वर्मा विजय कुमार फौजी मल्लावां ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अनुराग पटेल हिमांशु यादव। अजीत सिंह डगरु दुर्गेश दिक्षित प्रधान नेवादा अमित रवींद्र शुक्ला पत्रकार संजीव पाठक पत्रकार अमन अंसारी पत्रकार आदि काफी संख्या मे कार्यकर्ता एवं दर्शक गण मौजूद रहे।

# हर ब्लाक में 02 माडल समूह बनाया जाये: डीएम

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता मे उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित जनपद स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत की गयी। उन्होंने कहा कि जनपद मे समूह को सशक्त बनाकर उनकी प्रगति की निगरानी कर सुनिश्चित करते हुये उनकी आय 01 लाख से अधिक कर लखपती दीदी बनायी जाये। उन्होंने सभी विभागों से कहा कि अपने विभाग की योजनाओं के लाभार्थियों के परिवार मे एक महिला को समूह से जोड़ा जाये। समूह का बैक खाता खुलवाने मे उनकी मदद की जाये, जिससे उनको खाता खुलवाने मे किसी तरह की समस्या न हो। महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित कर उन्हें प्रसंस्करण पैकेजिंग पर जोर दिया जाये। नये समूहो का गठन किया जाये। जो समूह सक्रिय नही है उन्हें सक्रिय किया जाये। हर गांव मे विद्युत सखी का चयन किया जाये। हर ब्लाक मे 02 माडल समूह बनाया जाये। महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संगठित कर, उन्हें स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने मे मदद की जाये। इस अवसर पर सीडीओ सान्या छाबड़ा, सहित सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

## जन सुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनी 44 शिकायतें

**हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 44 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। जन सुनवाई मे एक व्यक्ति का राशन कार्ड, एक महिला को निराश्रित महिला पेंशन, एक दिव्यांग पेंशन तथा एक आयुष्मान कार्ड बनाया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहें।

## नामावलियों का पुनरीक्षण कार्य आयोग द्वारा निर्धारित समय में पूर्ण कराया जायेगा: जिलाधिकारी



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुरीक्षण के सम्बन्ध में आहूत बैठक की अध्यक्षता में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित समस्त दलों के राजनैतिक प्रतिनिधियों से निर्वाचक नामावलियों के पुरीक्षण पर चर्चा की तथा बताया कि निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत मतदाताओं को संबंधित क्षेत्र के बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र प्राप्त कराकर एवं वांछित सूचनाओं सहित भरवाकर प्राप्त किया जा रहा है और कार्य को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय में पूर्ण कराया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि एसडीटी की सूची समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी गयी है। बैठक प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहें।

## कथा से पूर्व निकली कलश यात्रा शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**माधौगंज (हरदोई)।** श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व निकली कलश शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत।

कस्बे के माँ फूलमती बाबा मंशानाथ मंदिर में मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा में वृन्दावन आचार्य बालकृष्ण यजमान रामचद्र सोनी सपत्नीक पोथी लिए चल रहे थे। महिलाएं कलश लिए देवी देवताओं के जयकारे लगा रही थी। कलश शोभायात्रा फूलमती मंदिर से संतोषी माता मंदिर, नझाई चौराहा, सदर बाजार, बड़े मंदिर, तिकुनिया पार्क हरदेव राजा मंदिर होते हुए मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। व्यापारी नेता नवल माहेश्वरी, नरेश कुशवाहा, कमल माहेश्वरी से पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। परीक्षित रामचन्द्र सोनी ने बताया कि कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक होगी। इस अवसर पर सभासद अमित गुप्ता, शिवेंद्र सिंह, राधेश्याम गुप्ता, मेवालाल गुप्ता, सन्तकुमार बाजपेई, टीकाराम गुप्ता, दिनेश सोनी, कुंदन सोनी, गुल्लू सोनी, अशोक कुमार, अभिषेक त्रिपाठी, छोटे गुप्ता, महेंद्र सोनी, मलखान गुप्ता, आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का शव झाड़ियों में पड़ा मिला

**माधौगंज (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** सन्दिग्ध परिस्थितियों में युवती का शव झाड़ियों में पड़ा मिला। गले मे शाल का फंदा लगा था। पुलिस ने फोरेंसिक टीम से जांच कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मां ने हत्या किए जाने की बात कही। एसपीएसीओ ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। थाना क्षेत्र के गांव गुलाब नगर मजरा डकौली निवासी जीत बहादुर की पुत्री ज्योति (24) का शव अज्ञात कारणों के चलते मंगलवार की सुबह लगभग 6 बजे पंचायत भवन के निकट आर आर सी सेंटर के निकट महुआ के पेड़ के नीचे पड़ा मिला। शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। मृतका की माता बिजरानी ने कहा कि गांव का एक युवक नौकरी दिलाने की बात कहकर सण्डीला लिवा ले गया था। रात में वापस न लौटने पर उसकी खोज की लेकिन पता नही चला। वही गांव के लोगो का कहना है लड़की का अक्सर बाहर आना जाना रहता था वह प्राइवेट नौकरी भी कर लेती थी। इस समय वह घर पर थी। महुआ पेड़ के नीचे बाहर से शव को लाकर डालने की बात भी ग्रामीण कर रहे है। थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए शव भेज दिया गया है। पिता ने अभी तहरीर नही दी है। पुलिस हत्या के कारणों की तलाश कर रही है।



मृतका की फाइल फोटो

## शीतलहर के चलते ईओ ने नगर भ्रमण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

■ निरीक्षण के समय ई ओ ने दिए निर्देश शीत लहर से बचाव में किसी तरह की लापरवाही नहीं होगी।

राष्ट्रीय प्रस्तावना



नगर भ्रमण करके जायजा लेते अधिशाषी अधिकारी

**कन्नौज।** नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के अधिशाषी अधिकारी अनिल कुमार ने सोमवार की रात 8 बजे शीत लहर के दृष्टिगत नगर क्षेत्र में आमजन, निराश्रित व्यक्तियों एवं पशुओं को सुरक्षित एवं राहतपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।





नगर पालिका परिषद, गुरसहायगंज के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार द्वारा यह निरीक्षण विशेष रूप से रात्रि के समय वास्तविक स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से किया गयाए ताकि शीतलहर के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही न रहे। रात्रिकालीन निरीक्षण के दौरान नगर क्षेत्र के प्रमुख अलाव स्थलोंकृरेलवे स्टेशन, चौराहा, तिराहा, बाईपास, तिर्वा रोड चकोर मोड़, गौशाला परिसर, अफसरी रेन बसेरा पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय परीक्षण किया। सभी स्थानों पर नगर पालिका द्वारा नियमित रूप से अलाव जलते हुए पाए गए, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि ठंड से बचाव की व्यवस्थाएं धरातल पर प्रभावी रूप से लागू हैं। निरीक्षण के समय संबंधित सेक्टर सफाई प्रभारी एवं जोनल सफाई प्रभारी भी मौके पर उपस्थित रहे, जिन्हें व्यवस्थाओं को निरंतर सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी द्वारा अफसरी रेन बसेरा का भी रात्रि में निरीक्षण किया गया। वहां रुकने वाले निराश्रित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए उपलब्ध आवास, कंबल, प्रकाश एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया गया। रेन बसेरा में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं तथा रात्रिकालीन संचालन को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। रात्रिकालीन निरीक्षण के दौरान गौशाला में पशुओं को शीत लहर से बचाने हेतु की गई व्यवस्थाओं की भी जांच की गई। ठंड से बचाव के लिए लगाए गए परदे/ आवरण उचित स्थिति में पाए गए। अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पशुओं के संरक्षण में किसी प्रकार की कमी न आने पाए और शीत लहर की अवधि में विशेष सतर्कता बरती जाए । इसके अतिरिक्त, नगर क्षेत्र की पीकॉक/ स्ट्रीट लाइट व्यवस्था का भी रात्रि में परीक्षण किया गया। जी०टी० रोड के प्रमुख मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था सामान्य रूप से कार्यरत पाई गई। रेलवे रोड पर एक पीकॉक लाइट बंद पाए जाने पर अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रकाश प्रभारी को मौके पर ही उसे तत्काल ठीक कराने के सख्त निर्देश दिए गए।

अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने स्पष्ट किया कि शीत लहर के दौरान नगर पालिका परिषद की सभी टीमें 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहेंगी और अलाव, रेन बसेरा, गौशाला एवं प्रकाश व्यवस्था से संबंधित कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमजन से भी अपील की गई कि यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को ठंड से परेशान है तो वह निकटतम रेन बसेरा अथवा नगर पालिका को सूचित करें।

## तेज रफ्तार डंफर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, चार मजदूर घायल, दो की हालत गंभीर

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** शाहजहांपुर-हरदोई राष्ट्रीय राजमार्ग पर शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मधुरम होटल के पास सोमवार



को तेज रफ्तार डंफर ने ईंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रॉली पलट गई और उस पर सवार चार मजदूर घायल हो गए।

■ भट्ठा मालिक पर डंफर चालक से मारपीट व अपहरण का आरोप

घायलों में रोहित (24) पुत्र विश्वनाथ निवासी सूरतपुर थाना सेहरामऊ जनपद शाहजहांपुर, नीतीश (18) पुत्र महेश निवासी नरहाई थाना शाहाबाद जनपद हरदोई, सेवा (20) पुत्र राजू तथा जीतराम (20) पुत्र सोनपाल निवासी लक्ष्मणापुर थाना सेहरामऊ जनपद शाहजहांपुर शामिल हैं। सभी घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद पहुंचाया गयाए जहां दो मजदूरों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के करीब आधे घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान भट्ठा मालिक ने डंफर चालक रिंकू मिश्रा के साथ मारपीट की और उसे जबरन कार में बैठाकर घटनास्थल से ले गया। पुलिस के निर्देश पर भट्ठा मालिक बाद में चालक को वापस घटनास्थल पर लेकर आया। बताया गया कि डंफर चालक शाहजहांपुर के खुटार में रेता उतारकर हरदोई की ओर जा रहा था। मधुरम रेस्टोरेंट के पास पहुंचते ही उसे झपकी आ गईए जिससे डंफर अनियंत्रित होकर ईंट भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

## बैंक कर्मियों ने ड्यूटी करते समय लगाए काले बैज



राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** पाँच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर आंदोलनरत बैंककर्मियों ने मंगलवार को ड्यूटी करते समय काले बैज लगाए। लंबे समय से लंबित इस माँग को लेकर अब बैंककर्मी आरपार की लड़ाई के मूड में आ गए हैं। जनवरी में वह हड़ताल पर भी जा सकते हैं।

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस की स्थानीय इकाई के संयोजक राकेश पाण्डेय ने आंदोलन की शुरुआत बैंक मैनेजमेंट की प्रतिनिधि संस्था इंडियन बैंकर्स एसोसिएशन और केंद्रीय वित्त मंत्री को देश भर के बैंककर्मियों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन के साथ हुई। आज मंगलवार को माँग को प्रदर्शित बैज लगाकर बैंक ड्यूटी की गयी। उन्होंने बताया आगे आंदोलन के और कई चरण है जिनमें देश भर में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। हैजटैग ट्वीटर एक्स पर सोशल मीडिया कैम्पेन होगा। अगर सरकार ने मांग न मानी तो बैंककर्मी राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर चले जायेगे। पाँच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की माँग को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले 5 कर्मचारी संगठन एआईबीईए, एनसीबीई, बेफी, एनओबीडब्ल्यू, इनबेफ और 4 अधिकारी संगठन, बाक, एआईबीईओ, नोबो, इनबाक एकजुट हैं जो करीब शत-प्रतिशत बैंककर्मियों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## ओवरलोड ट्रक और ट्रैक्टर ट्रालियां बनी लोगो के लिए परेशानी का सबब

**पिहानी (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक और ट्रैक्टर ट्रालियों की समस्या एक बड़ा मुद्दा बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन वाहनों के चलते नियमित राहगीरों और छोटे वाहन चालकों को परेशानी होती है और आए दिन सड़क वाहनों का सबब बनते हैं और जाम लग जाता है। ओवरलोड ट्रक और ट्रैक्टर ट्रालियों की अनियंत्रित आवाजाही हरियावां पिहानी मार्ग पर गन्ना लदे ओवरलोड ट्रैकों और ट्रालियों की वजह से जाम लगना आम बात हो चुकी है पिहानी कस्बे में सोमवार और गुरुवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार के दौरान स्थिति और भयावा हो जाती है। पिहानी



क्षेत्र में एक बाईपास निर्माण कराया जाए जिससे भारी वाहनों को आबादी वाले क्षेत्रों और बाजार की मुख्य सड़कों से होकर ना गुजरना पड़े। ओवरलोडिंग पर सख्त कार्यवाही और सुरक्षा मानकों का पालन करवाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने की जरूरत है। पुलिस प्रशासन और परिवहन विभाग को इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग से गृहस्थी हुई राख

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरपालपुर (हरदोई)।** कस्बे के नक्खाशा बाग मोहल्ला में सोमवार रात बिजली के शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। इस घटना में घर का सारा सामान, जेवर और पांच हजार रुपये नकद जलकर राख हो गए।

जानकारी के अनुसार हरपालपुर कोतवाली के कस्बे के नक्खाशा बाग मोहल्ला निवासी सुनीता, जो प्राथमिक विद्यालय गुलौली में रसोईया के पद पर कार्यरत हैं, सोमवार रात अपने तीन बेटों के साथ घर के बरामदे में सो रही थीं। रात करीब 2 बजे कमरे में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। आग की लपटें कमरे से बाहर आने पर सुनीता की नींद खुली। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। आगजनी में पांच हजार रुपये नकद, जेवर, कपड़े, राशन और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। गनीमत रही कि आग लगने के समय कमरे में कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना राजस्व और बिजली विभाग को दे दी गई है।

# 40 बच्चों ने शैक्षिक भ्रमण किया, बच्चों ने खूब मौज मस्ती की



पीएम श्री विद्यालय के बच्चों को क्रिकेट के विषय में जानकारी देते खेल शिक्षक अनुपम पाल फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरपालपुर (हरदोई)।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय अरवल के 40 बच्चों ने मंगलवार को शैक्षिक भ्रमण किया। कस्बे के जीनियस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहुंचकर बच्चों ने खूब मौज मस्ती की।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को पी०एम० श्री कंपोजिट विधायक अरवल के बच्चों ने ट्विनिंग और पेयरिंग प्रोग्राम के अंतर्गत कस्बा स्थित जीनियस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शैक्षिक भ्रमण किया। ट्विनिंग प्रोग्राम विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले स्कूलों के बीच एक साझेदारी है। इसके उद्देश्य को सार्थक करने को दोनों स्कूलों द्वारा ऐसा वातावरण बनाया, जिसमें सर्वोत्तम प्रथाओं और संसाधनों को साझा किया गया। बच्चों द्वारा कक्षा कक्ष, म्यूजिक रोम, कंप्यूटर लैब, मैथ लैब, प्रयोगशाला के कामकाज, पुस्तकालय एवं टी०एल०एम का विस्तृत अवलोकन करा गया। सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अध्यापकों के द्वारा बच्चों को प्रयोगशाला में होने विभिन्न रसायनों प्रयोग तथा माइक्रोस्कोप का उपयोग चित्रकला तथा खेल के संबंध में बारीकी से समझाया गया हैं, जिन्हें बच्चों ने खूब मजे से सीखा। इस मौके पर विद्यालय के जीनियस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह, पीएम श्री विद्यालय प्रधानाचार्य आरबी शर्मा, जगरूप तिवारी, अनुपम,मंजीत आदि मौजूद रहे।



माइक्रोस्कोपी से सुक्ष्म जीवो को देखती पीएम श्री विद्यालय की छात्रा। फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

## प्रेम-विवाह पर राजी

बदलते वक्त की धारा में युवाओं में बढ़ते प्रेम विवाह के रुझान को देखते हुए अब तक कठोर रही खापों ने भी रुख बदला है। जैसे कह रहे हों कि यदि मां-बाप राजी तो क्या करेगा काजी। पिछले महीने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद के गांव सोरम में देशभर की खाप पंचायतें तीन दिन तक जुटीं। जिसमें हरियाणा, पंजाब, उ.प्र., उत्तराखंड, एमपी, छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान आदि की विभिन्न जाति-धर्मों की 36 खाप बिरादरियों के प्रतिनिधि जुटे। रोचक यह है कि एक लाख से अधिक भागीदारों में आधे करीब 20-35 वर्ष के युवा थे। वजह यह भी थी कि खापों की सख्ती से बड़ी संख्या में युवाओं की शादी नहीं हो पा रही है। हालांकि, इस पंचायत में मौजूदा सामाजिक चुनौतियों मसलन इज्जत के नाम पर होने वाली हत्याएं, दहेज,भ्रूण-हत्या,मृत्यु-भोज जैसी कुरीतियों पर व्यापक विमर्श हुआ, लेकिन प्रेम विवाह का मुद्दा मुखरता से छाया रहा। महत्वपूर्ण बात यह रही कि सर्वखाप ने तय किया कि यदि माता-पिता की सहमति से प्रेम विवाह होता है तो खाप हस्तक्षेप नहीं करेगी। सर्वखाप पंचायत में देश की सबसे बड़ी बालियान खाप के प्रधान नरेश टिकैत का कहना था कि यहां इतने ज्यादा लोग इसलिए जुटे हैं कि मुद्दे कोई राजनीतिक या किसानों के न होकर, प्रेम-विवाह, अंतरजातीय विवाह शुरू करने, दहेज न लेने, मृत्युभोज बंद करने जैसे ज्वलंत विषयों से जुड़े रहे। आम राय रही है कि जिस विवाह को लेकर मां-बाप की सहमति होगी, उसमें समाज, रिश्तेदार अथवा खाप हस्तक्षेप नहीं करेगी। दरअसल, खापों के रवैये में लचीलापन आने की एक बड़ी वजह यह रही है कि युवा तेजी से प्रेम विवाह की तरफ उन्मुख हैं। लेकिन जहां ऐसा करने में सख्ताई है वहां बड़ी संख्या में युवा कुंआरे बने हुए हैं। हरियाणा, उ.प्र व एनसीआर के कई गांवों में सैकड़ों की कुंआरों की फौज खड़ी हैं। अब यह सोच बन रही है कि प्रेम विवाहों से समाज की कई बुराइयां व मुश्किलें भी कम हो रही हैं। बदलते वक्त के साथ परंपरागत शादियों में अलगाव, तलाक व टकराव के मामले हालिया सालों में बढ़े हैं। कई नेताओं में इस बात को लेकर सहमति बनाने की कोशिश हुई कि जिन जातियों में घड़ा व हुक्का-पानी एक है, उनमें शादियों की शुरुआत होनी चाहिए। समान कद वाली जातियों में भी शादी की बात छेड़ी गई, लेकिन इस पर कोई सहमति नहीं बनी। साथ ही समान गोत्र की खेतिहर जातियों में भी विवाह पर विचार हुआ। कई लोग उदाहरण देते रहे कि जाटों के सबसे बड़े नेता रहे चौधरी चरण सिंह ने अपनी तीन बेटियों व बेटे की अंतरजातीय शादी की। बताया जा रहा है कि जातीय अस्मिता और किसान संस्कृति की ध्वजवाहक जाट बिरादरी में विवाह से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गंभीर मंथन चल रहा है। वहीं दूसरी ओर कई खापों के नेता इस बात को नकारते दिखे कि डीएनए मिक्सिंग से आने वाली पीढ़ियां कमजोर होती हैं। तर्क दिया गया कि शरीर विज्ञान से जुड़ा कोई शोध-अनुसंधान इस बात की पुष्टि नहीं करता। बहरहाल, खापों की सकारात्मक सोच युवाओं के लिये नई उम्मीद लेकर आई है।

**पिछले महीने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद के गांव सोरम में देशभर की खाप पंचायतें तीन दिन तक जुटीं। जिसमें हरियाणा, पंजाब, उ.प्र., उत्तराखंड, एमपी, छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान आदि की विभिन्न जाति-धर्मों की 36 खाप बिरादरियों के प्रतिनिधि जुटे। रोचक यह है कि एक लाख से अधिक भागीदारों में आधे करीब 20-35 वर्ष के युवा थे। वजह यह भी थी कि खापों की सख्ती से बड़ी संख्या में युवाओं की शादी नहीं हो पा रही है। हालांकि, इस पंचायत में मौजूदा सामाजिक चुनौतियों मसलन इज्जत के नाम पर होने वाली हत्याएं, दहेज,भ्रूण-हत्या,मृत्यु-भोज जैसी कुरीतियों पर व्यापक विमर्श हुआ, लेकिन प्रेम विवाह का मुद्दा मुखरता से छाया रहा।**

# केरल से आया भाजपा के लिए शुभ संकेत

मृत्युंजय दीक्षित

भारतीय जनता पार्टी के लिए लम्बे संघर्ष के बाद दक्षिणी राज्य केरल से एक सुखद समाचार आया है । केरल के नगर निकाय चुनावों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राजग गठबंधन तीसरी शक्ति के रूप प्रवेश कर चुका है। यह नया राजनीतिक समीकरण मात्र केरल में ही नही अपितु पूरे दक्षिण भारत में कांग्रेस तथा वामपंथियो को सावधान होने को कह रहा है। केरल की राजधानी और कांग्रेस सांसद शशि थरूर के संसदीय क्षेत्र तिरुवनंतपुरम के नगर निगम चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने 101 में से 50 सीटों पर विजय प्राप्त कर इतिहास रच दिया और वाममोर्चे का 45 वर्ष पुराना किला ढहा दिया। माकपा के नेतृत्व वाला गठबंधन यहा 29 और कांग्रेस नेतृत्व वाला गठबंधन मात्र 19 सीटों पर ही सिमट गया। तिरुवनंतपुरम ही नहीं केरल के त्रिशूर नगर निगम पर भी भाजपा गठबंधन का नियंत्रण हो गया है। इसके अतिरिक्त भाजपा ने लगातार तीसरी बार पलक्काड नगर पालिका पर भी अपना नियंत्रण बनाए रखा और त्रिपुनिथुरा नगरपालिका में सत्तारूढ़ गठबंधन के 20 वार्डों के मुकाबले 21 वार्ड जीतकर एडीएफ गठबंधन को एक और तगड़ा झटका देने में सफलता प्राप्त कर ली। तिरुवनंतपुरम के परिणाम राजनैतिक गलियारे में चर्चा का विषय बन गए हैं क्योंकि यहां से शशि थरूर वर्ष 2009 से कांग्रेस के सांसद हैं और कांग्रेस आलाकमान से उनकी अनबन चल रही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जो भारतीय प्रतिनिधिमंडल विदेशी दौरे पर भेजे गए थे उसमें शशि थरूर भी शामिल थे। शशि थरूर समय समय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की किसी न किसी रूप में सराहना कर रहे हैं । मोदी की नीतियों पर थरुर के लेख भी चर्चा का विषय बने रहते हैं। केरल नगर निकाय के चुनाव परिणामों के आंकड़ों के अनुसार राजग गठबंधन ने राज्यभर में 1900 से अधिक वार्ड जीते हैं जो पिछली बार की तुलना में 300 से अधिक हैं। यद्यपि अब कहा जा सकता है कि अब केरल में भाजपा की उपस्थिति नगण्य नहीं रह गई है, वह धीरे -धीरे बढ़त पर निकल पड़ी है तथापि केरल में भाजपा को अभी बहुत काम करना है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी उसकी पकड़ नही बनी है। केरल नगर निकाय चुनाव परिणामों से संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा ने तिरुवनंतपुरम में 45 वर्ष से चले आ रहे वामपंथी गढ को ढहा दिया। कोझिकोड और कन्नूर जैसे कट्टर वामपंथी गढ़ों में भी अपनी उपस्थिति दिखाने में सफलता प्राप्त की जहां उसने 13 और 4 सीटें जीतकर सत्ता के समीकरण गड़बड़ा दिए। एनडीए ने पहली बार 26 ग्राम पंचायतों में सफलता प्राप्त की है। स्पष्ट है कि अब भाजपा केरल में तीसरी ताकत बन रही है और वहां की राजनीति में मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। 2020 के नगर निकाय चुनावों में भाजपा गठबंधन को 15 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे जो अब बढ़ कर 20 प्रतिशत हो गए हैं। भाजपा के लिए सबसे चौंकाने वाला परिणाम कन्ननकुलंगरा वार्ड जिसे हिंदुओ का गढ़ कहा जाता है का रहा जहां पर भाजपा की मुस्लिम महिला उम्मीदवार मुमताज ने ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। मुमताज विगत दो वर्षों से अल्पसंख्यक मोर्चा की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। मुमताज एक राजनेता के अतिरिक्त उद्यमी भी हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भाजपा को बधाई देते हुए इसे लोकतंत्र की खूबसूरती बताया। केरल की जीत से प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा नेतृत्व गदगद है और इस विजय का उत्सव भी मना रहा है। केरल विजय पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह केरल में कार्यकर्ताओं की पीढ़ियों के कार्य और संघर्ष को याद करने का दिन है जिन्होंने जमीनी स्तर पर काम किया। हमारे कार्यकर्ता ही हमारी ताकत हैं हमें उन पर गर्व है। भारतीय जनता पार्टी केरल में अपने पैर जमाने के लिए लगातार कड़ी मेहनत कर रही है और हर बार नये -नये चेहरों के साथ प्रयोग कर रही है। 2014 में केंद्र में भाजपा गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद से केरल में भाजपा विशेष ध्यान दे रही है जिसका प्रतिफल अब दिखाई दे रहा है। अब केरल में ईसाई समुदाय भी भाजपा की ओर आकर्षित हो रहा हैं और उस समुदाय मे बीजेपी की पैठ बढ़ी है। इन सब के पीछे केरल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बढ़ता प्रभाव भी है। स्वयंसेवकों ने अपने प्राणों तक की चिंता छोड़कर संघ का विस्तार किया है। अब युवा भी संघ की शाखाओं में आ रहे हैं। स्वाभाविक रूप से केरल में संघ के विस्तार का लाभ भाजपा को मिलेगा।

**तिरुवनंतपुरम के परिणाम राजनैतिक गलियारे में चर्चा का विषय बन गए हैं क्योंकि यहां से शशि थरूर वर्ष 2009 से कांग्रेस के सांसद हैं और कांग्रेस आलाकमान से उनकी अनबन चल रही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जो भारतीय प्रतिनिधिमंडल विदेशी दौरे पर भेजे गए थे उसमें शशि थरूर भी शामिल थे। शशि थरूर समय समय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की किसी न किसी रूप में सराहना कर रहे हैं । मोदी की नीतियों पर थरुर के लेख भी चर्चा का विषय बने रहते हैं। केरल नगर निकाय के चुनाव परिणामों के आंकड़ों के अनुसार राजग गठबंधन ने राज्यभर में 1900 से अधिक वार्ड जीते हैं जो पिछली बार की तुलना में 300 से अधिक हैं। यद्यपि अब कहा जा सकता है कि अब केरल में भाजपा की उपस्थिति नगण्य नहीं रह गई है, वह धीरे -धीरे बढ़त पर निकल पड़ी है तथापि केरल में भाजपा को अभी बहुत काम करना है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी उसकी पकड़ नही बनी है। केरल नगर निकाय चुनाव परिणामों से संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा ने तिरुवनंतपुरम में 45 वर्ष से चले आ रहे वामपंथी गढ को ढहा दिया। कोझिकोड और कन्नूर जैसे कट्टर वामपंथी गढ़ों में भी अपनी उपस्थिति दिखाने में सफलता प्राप्त की जहां उसने 13 और 4 सीटें जीतकर सत्ता के समीकरण गड़बड़ा दिए। एनडीए ने पहली बार 26 ग्राम पंचायतों में सफलता प्राप्त की है।**

# तकनीक का पावर हाउस बनता भारत

प्रेम शर्मा

दुनिया का जानामाना सर्च इंजन गूगल और टेक्नाालॉजी की दिग्गज कम्पनी माइक्रोसॉफ्ट और आनलाईन व्यापार का सुव्यवस्थित और विश्वसनीय अमेजन का संयुक्त रूप से भारत में छह लाख करोड़ रूपये का निवेश निश्चित तौर पर भारत को एशिया-प्रशांत का नया क्लाउड हब बनायेगा। वर्तमान में भारत एआई क्षमता, क्लाउड इन्फ्रा और डिजिटल सेवाओं में जापान और कोरिया की बराबरी कर रहा है। भारत के डाटा सेन्टर विस्तार की गति सिंगापुर को पार करती नजर आ रही है। यही नही भारत एआई कौशल उत्पादन में कई विकसित राष्ट्रों से आगे निकल चुका है। यही नही कनाड़ा, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया जैसी तकनीकी प्रगतिशील अर्थव्यवस्थाएं भी भारत की गति से पीछे नजर आने लगी है।भ ारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है और 2025 तक 90 करोड़ (900 मिलियन) के पार जाने की उम्मीद है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ा योगदान हैय वर्तमान में लगभग 732 मिलियन सक्रिय उपयोगकर्ता हैं, जो इन्टरनेट के जरिये सीधे मोबाईल टीवी, सोशल मीडिया और ऑनलाइन संचार के लिए इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं, और ग्रामीण भारत में भी अपनाने की दर बढ़ रही है, जिससे भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट उपयोगकर्ता बन गया है, वह सिर्फ चीन से पीछे है। भारत में युवाओं (15-29 वर्ष) की संख्या 371 मिलियन (लगभग 37 करोड़) से अधिक है, जो कुल जनसंख्या का लगभग 27 प्रतिशत है और यह दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है, हालांकि 2036 तक इसमें कमी आने का अनुमान है, लेकिन संख्या के हिसाब से यह बड़ी बनी रहेगी और भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे देश के विकास के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। यही कारण है कि भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था में तीव्रगति से प्रवेश कर चुका है। बढ़ती तकनीकी क्षमता से देश की आर्थिक प्रगति को देखकर वैश्विक चर्चा शुरू हो चुकी है। क्वाउड और एआई इन्फ्रा पर वर्तमान भारत को एशिया के तीन सबसे बड़े टेक इकोसिस्टम में स्थापित कर देगा। डीप-टेक और डाटा साइंस क्षेत्र में भारत दुनिया के पॉच शीर्ष देशों में शामिल हो चुका है। यही नही भारत दुनिया के तीन डिजिटल टेक पावर हाउस रेस में शामिल हो चका है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन का छह लाख करोड का भारत में निवेश ग्लोबल क्लाइड कैपिटल में बदलने के दिशा में सबसे निर्णायक प्रगति है। भारत का डिजीटल इकोसिस्टम दुनिया की सबसे मजबूत संरचना में से एक बन रहा है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल के अनुसार, भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में दुनिया का तीसरा सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धी देश बन गया है। यह लेटेस्ट रैंकिंग दिखाती है कि भारत का तेजी से बढ़ता टेक इकोसिस्टम और मजबूत टैलेंट बेस देश को ग्लोबल एआई रेस में अहम भूमिका निभाने में कैसे मदद कर रहा है। स्टैनफोर्ड के डेटा पर आधारित विजुअल कैपिटलिस्ट चार्ट दिखाता है कि एआई प्रतिस्पर्धा में यूनाइटेड स्टेट्स 78.6 के वाइब्रेंसी स्कोर के साथ दुनिया में सबसे आगे है। चीन 36.95 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि भारत 21.59 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर है। यह भारत को दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम, सिंगापुर, जापान, कनाडा, जर्मनी और फ्रांस सहित कई एडवांस्ड अर्थव्यवस्थाओं से आगे रखता है। स्टैनफोर्ड का एआई वाइब्रेंसी टूल यह मापने के लिए कई इंडिकेटर्स को एक सिंगल स्कोर में मिलाता है कि किसी देश का एआई इकोसिस्टम कितना विकसित और प्रतिस्पर्धी है। इन इंडिकेटर्स में रिसर्च और डेवलपमेंट, टैलेंट की उपलब्धता, निवेश और आर्थिक प्रभाव, इंफ्रास्ट्रक्चर, जनमत और नीति और शासन शामिल हैं। भारत दुनिया की बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों को लालायित कर रहा है। तीन प्रमुख टेक कंपनियों ने कुछ वर्षों में भारत में छह लाख करोड़ का यह निवेश भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप रणनीतिक रूप से किए गए हैं। लाखों भारतीयों के लिए एआई को सुलभ बनाते हुए, हम भारत के विकास में उत्प्रेरक की भूमिका निभाते रहने के लिए उत्साहित हैं। अब तक 40 अरब डॉलर के निवेश के साथ भारत में हम सबसे बड़े विदेशी निवेशक हैं। दिग्गज टेक कंपनियों का भारत में अचानक निवेश कोई जल्दबाजी का मामला नहीं है। यह भारत में बढ़ रही टेक्नोलॉजी की मांग को लेकर अगले कुछ दशकों तक की एक लंबी योजना है। कुछ समय पहले तक भारत मुख्य रूप से आउटसोर्सिंग व उपभोक्ता अधिग्रहण का बाजार था। लेकिन हाल में बड़े निवेश से यह क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) डाटा सिस्टम और गहन तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में उभर रहा है।अमेजन डॉट कॉम इंक ने पांच वर्षों में 35 अरब डॉलर का निवेश करने का वादा किया है (यह पहले के 40 अरब डॉलर के अतिरिक्त है)। वह क्विक कॉमर्स से लेकर क्लाउड कंप्यूटिंग तक के क्षेत्रों में विस्तार करेगी। ई-कॉमर्स दिग्गज ने कहा, वह एआई और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में निवेश करेगी। 2030 तक किया जाने वाला निवेश भारत में 38 लाख अतिरिक्त रोजगार सृजित करेगा। यह निवेश भारत की प्राथमिकताओं के अनुरूप है। इसका उद्देश्य एआई क्षमताओं का विस्तार, लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को मजबूत करना व छोटे व्यवसायों के विकास में सहयोग देना और रोजगार सृजित करना है। 2024 में विभिन्न उद्योगों में 28 लाख प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष व मौसमी नौकरियां उत्पन्न की। 1.2 करोड़ से अधिक छोटे व्यवसायों का डिजिटलीकरण किया है।सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज अमेरिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने एक दिन पहले ही 2030 तक भारत में डाटा सेंटर, एआई और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए करीब 1.58 लाख करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। गूगल भी एआई डाटा सेंटर के लिए करीब 1.35 लाख करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जता चुकी है।दो दशकों तक चीन वैश्विक डिजिटल विस्तार का केंद्र रहा। देशों के बीच बढ़ते तनाव व राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं ने अमेरिकी कंपनियों को एआई के दीर्घकालिक विकास के लिए अन्य विशाल और स्थिर बाजारों की तलाश करने के लिए मजबूर कर दिया। भारत पर ध्यान केंद्रित करके, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन व गूगल जैसी कंपनियां वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं व क्लाउड नेटवर्क को ऐसे विश्व के लिए पुनर्गठित कर रही हैं, जिसमें चीन अब संवेदनशील या अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य नहीं कर सकता।140 करोड़ से अधिक आबादी, सैकड़ों भाषाओं व डिजिटल भुगतान व ई-कॉमर्स की ओर बढ़ते यूजर्स के साथ भारत एआई मॉडलों के लिए चुनौतीपूर्ण प्रशिक्षण मैदान प्रदान करता है। यदि कोई एआई मॉडल भारतीय समाज की जटिलता के भीतर सहजता से कार्य करता है, तो उसके किसी भी अन्य वैश्विक बाजार में सफल होने की अधिक संभावना है।सरकारी और निजी क्लाउड लॉन्च करने का माइक्रोसॉफ्ट का निर्णय घरेलू स्तर पर संभालने में सक्षम होगा। अमेजन का लॉजिस्टिक्स व एडब्ल्यूएस डाटा केंद्रों में विस्तार व गूगल की एआई कंप्यूटिंग क्षेत्र बनाने की प्रतिबद्धता भी भारत के इस प्रयास के तहत है कि संवेदनशील डाटा कभी भी देश से बाहर न जाए।वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत में अमेजन खासकर क्विक कॉमर्स में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने पर जोर दे रही है। अमेजन, वॉलमार्ट समर्थित फ्लिपकार्ट के साथ ब्लिंकइट, स्विगी लि. की इंस्टामार्ट व जेप्टो जैसी त्वरित डिलीवरी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए निवेश बढ़ा रही है। निश्चित तौर अब यह कहना गलत ना होगा कि वैश्विक स्तर पर तकनीक का पावर हाउस बनने की ओर अग्रसर है।

# भाजपा में युवा नेतृत्व की नई आहट पर भरोसा

ललित गर्ग

भारतीय राजनीति में लंबे समय से जिस क्षण की प्रतीक्षा थी, वह अब एक निर्णायक मोड़ पर आ खड़ी हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व की बागडोर युवा हाथों में सौंपने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नितिन नबीन को पार्टी का नया कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। यद्यपि यह नियुक्ति औपचारिक रूप से अस्थायी कही जा रही है, किंतु जिस प्रकार से इस निर्णय का पार्टी के भीतर और बाहर स्वागत हो रहा है, उससे यह संकेत स्पष्ट हैं कि भविष्य में उन्हें ही पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जा सकता है। यह नियुक्ति केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की कार्यशैली, नेतृत्व-चयन और भविष्य-दृष्टि में आए एक बड़े परिवर्तन का उद्घोष है। भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड का यह निर्णय न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अब तक लिए गए साहसिक, अप्रत्याशित और दूरगामी परिणाम देने वाले निर्णयों की श्रृंखला का एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय भी है। नितिन नबीन बिहार की राजनीति में कोई नया नाम नहीं हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं और जमीनी राजनीति की बारीकियों से भलीभांति परिचित हैं। संगठन और सरकार-दोनों के अनुभव से संपन्न नितिन नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। इसके साथ ही संगठन के विभिन्न स्तरों पर उन्होंने जिस अनुशासन, रणनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है, वही उन्हें इस पद के लिए स्वाभाविक विकल्प बनाता है। उनका राजनीतिक व्यक्तित्व केवल भाषणों तक सीमित नहीं, बल्कि संगठन खड़ा करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और वैचारिक प्रतिबद्धता बनाए रखने की क्षमता से परिपूर्ण है। यही गुण भाजपा की आत्मा भी है-जहां व्यक्ति नहीं, संगठन सर्वोपरि होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक स्थायी गुण रहा है-नए चेहरों पर भरोसा और पीढ़ीगत नेतृत्व का निर्माण। चाहे वह केंद्र सरकार में मंत्रियों का चयन हो, राज्यों में मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति हो या संगठन में बदलाव-मोदी ने बार-बार यह साबित किया है कि वे भविष्य की राजनीति को आज गढ़ने में विश्वास रखते हैं। नितिन नबीन का चयन भी इसी विचारधारा का प्रतिफल है। यह निर्णय संकेत देता है कि भाजपा अब केवल चुनाव जीतने की पार्टी नहीं रहना चाहती, बल्कि अगले दो-तीन दशकों के लिए एक स्थायी वैचारिक और संगठनात्मक नेतृत्व तैयार कर रही है। युवा पीढ़ी, विशेषकर पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को आकर्षित करने की दृष्टि से यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि वैचारिक संतुलन का केंद्र भी होता है। इस पद पर नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहमति और समर्थन अनिवार्य माना जाता है। भाजपा की चुनावी सफलताओं में संघ की भूमिका सदैव निर्णायक रही है-चाहे वह विचार-प्रसार हो, कार्यकर्ता निर्माण हो या सामाजिक संपर्क। पिछले कुछ चुनावों में जिन परिस्थितियों का सामना पार्टी को करना पड़ा, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा संगठन और संघ के बीच पूर्ण सामंजस्य कितना आवश्यक है। ऐसे में नितिन नबीन का चयन यह संकेत देता है कि संघ और पार्टी नेतृत्व के बीच गहन विमर्श और सहमति के बाद ही यह निर्णय लिया गया है। यह नियुक्ति भाजपा को वैचारिक रूप से और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। नितिन नबीन के सामने सबसे बड़ी और तात्कालिक चुनौती पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव हैं। यह राज्य लंबे समय से भाजपा के लिए रणनीतिक और वैचारिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा है। यहां केवल सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक संतुलन की भी परीक्षा होती है। एक संगठनात्मक अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की वास्तविक कसौटी यहीं होगी। यदि वे बंगाल में संगठन को नई धार देने, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने और जनता के बीच विश्वास स्थापित करने में सफल होते हैं, तो उनका नेतृत्व स्वतः ही प्रमाणित हो जाएगा। यही वह मंच है, जहां उनका रुतबा, कौशल और रणनीतिक दृष्टि राष्ट्रीय राजनीति के सामने स्पष्ट होगी। भाजपा की राजनीति में एक विशेष परंपरा रही है-जहां कयास कुछ और होते हैं और निर्णय बिल्कुल अलग दिशा से आता है। अनेक नाम चर्चा में रहते हैं, अनेक चेहरे मंजिल के निकट आकर भी ठहर जाते हैं, किंतु अंतिम निर्णय अक्सर सबको चौंकाने वाला होता है। यही भाजपा की 'चमत्कार करने वाली' संगठनात्मक शैली है। नितिन नबीन का मनोनयन भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यह निर्णय उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की क्षमता रखता है, जो लंबे समय से अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी के भीतर चल रही थीं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भाजपा में पद नहीं, क्षमता निर्णायक होती है। नितिन नबीन भारतीय राजनीति की उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने संगठनात्मक निष्ठा, वैचारिक स्पष्टता और सतत जनसंपर्क को अपनी राजनीतिक पहचान बनाया है। छात्र राजनीति से लेकर सक्रिय सार्वजनिक जीवन तक उनका सफ़र अनुशासन, कर्मठता, राष्ट्रीयता और संघर्ष की पाठशाला रहा है। वे जमीनी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने वाले, जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से समझने वाले और उन्हें प्रशासनिक व राजनीतिक मंचों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने वाले नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। नितिन नबीन की कार्यशैली में युवाओं के प्रति विश्वास, विकासोन्मुख सोच और पारदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे पद को नहीं, दायित्व को प्राथमिकता देते हैं और संगठन के मूल्यों के अनुरूप निरंतर आगे बढ़ते रहे हैं। नितिन नबीन सिन्हा कायस्थ समुदाय के एक भारतीय राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वह दिग्गज भाजपा नेता नवीन किशोर सिन्हा के बेटे हैं। अभी उन्हें जेपी नड्डा की जगह पर भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है जो अध्यक्ष के चुनाव तक कार्यभार संभालेंगे। वे वर्तमान में बिहार सरकार में सड़क निर्माण मंत्री है। उन्होंने 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में लगभग 84,000 वोटों से जीत हासिल की। पिछले चुनाव में उन्होंने शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा को भारी अंतर से हराया था। पुष्पम प्रिया चौधरी भी इस चुनाव में भारी अंतर से हार गईं। वे पटना जिले के बांकीपुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले बिहार विधान सभा के सदस्य हैं। 2 मार्च 2017 को, नबीन ने बिहार कांग्रेस के नेता अब्दुल जलील मस्तान के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया और उनकी नागरिकता पर सवाल उठाया। मस्तान ने कथित तौर पर एक रैली में भीड़ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर को जूतों से मारने के लिए कहा था। भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक सशक्त संगठनात्मक आंदोलन है, जिसकी आत्मा उसका अनुशासित, समर्पित और वैचारिक रूप से सजग कार्यकर्ता है। पार्टी का संगठनात्मक ढाँचा बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सहभागिता, संवाद और सामूहिक निर्णय की परंपरा को मजबूत करता है। संगठन नेतृत्व के प्रति कार्यकर्ताओं का अटूट विश्वास, स्पष्ट दिशा और नेतृत्व की पारदर्शिता भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। यहाँ कार्यकर्ता स्वयं को सत्ता का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सहभागी मानता है। यही कारण है कि भाजपा में नेतृत्व और कार्यकर्ता के बीच विश्वास, प्रतिबद्धता और परस्पर सम्मान का संबंध दिखाई देता है, जो पार्टी को निरंतर सशक्त और गतिशील बनाए रखता है। नितिन नबीन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मनोनयन केवल एक व्यक्ति की नियुक्ति नहीं, बल्कि भाजपा के भविष्य की राजनीति का स्पष्ट संकेत है। यह युवा नेतृत्व, वैचारिक प्रतिबद्धता, संगठनात्मक अनुशासन और संघ-समन्वय का संगम है। यदि नितिन नबीन इस जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हैं-विशेषकर पश्चिम बंगाल जैसी कठिन राजनीतिक भूमि पर-तो वे न केवल भाजपा के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेंगे, बल्कि भारतीय राजनीति में युवा नेतृत्व की नई परिभाषा भी गढ़ेंगे। यही वह क्षण है, जहां राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि दृष्टि, धैर्य और दूरदर्शिता का प्रमाण बन जाती है।

**नितिन नबीन बिहार की राजनीति में कोई नया नाम नहीं हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं और जमीनी राजनीति की बारीकियों से भलीभांति परिचित हैं। संगठन और सरकार-दोनों के अनुभव से संपन्न नितिन नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। इसके साथ ही संगठन के विभिन्न स्तरों पर उन्होंने जिस अनुशासन, रणनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है, वही उन्हें इस पद के लिए स्वाभाविक विकल्प बनाता है।**

# छात्र नेताओं ने बांदा के बिगड़े एक्यूआई 253 पर छेड़ी मुहिम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। दिल्ली की तरह ही, अब बुंदेलखंड के बांदा शहर की वायु गुणवत्ता भी श्खराबश श्रेणी में पहुँचकर खतरे के निशान पर है। वर्तमान में बांदा का वायु गुणवत्ता सूचकांक 253 दर्ज किया गया है। इस गंभीर पर्यावरणीय संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए, स्थानीय छात्र नेताओं ने बांदा को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए डिजिटल और ज़मीनी स्तर पर एक ज़ोरदार मुहिम शुरू की है। छात्र नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स और जनसंपर्क के माध्यम से शहरवासियों से इस समस्या पर तत्काल ध्यान देने का आग्रह किया है। उनका मत है कि बांदा में कोई बड़ा औद्योगिक क्षेत्र न होने के बावजूद भी ।फप् का इतना बढ़ा हुआ स्तर यह दर्शाता है कि स्थानीय स्तर पर कचरा जलाना, वाहनों का अत्यधिक उपयोग, और वृक्षों की कमी ही मुख्य कारण हैं। मुहिम के तहत, छात्र नेताओं ने बांदा के निवासियों से मिलकर इन पाँच



ठोस कदमों को अपनाने की अपील की है ताकि ।फप् को कम किया जा सके और स्वास्थ्य जोखिमों से बचा जा सके।अधिक से अधिक टेरेस/बालकनी गार्डन बनाएँ और घर के बाहर, सड़क किनारे सघन वृक्षारोपण करें। छोटी दूरी के लिए पैदल चलने या साइकिल का उपयोग करें; गाड़ियों का उपयोग केवल मजबूरी में ही करें। प्लास्टिक दहन पर रोकरू कचरा, विशेषकर प्लास्टिक और सूखी पत्तियों को जलाना पूरी तरह बंद करें। प्लास्टिक का बहिष्काररू पर्यावरण को बचाने के लिए सिंगल-यूज प्लास्टिक का

● **प्रशासन और पर्यावरण विभाग तत्काल सचेत हों**

उपयोग कम करें। छात्र नेता लव सिन्हा ने इस मौके पर कहा, ष्हमारा भविष्य साफ हवा पर निर्भर करता है। हमें जागरूक रहना होगा। छात्रनेता शैलेंद्र वर्मा एक छोटा शहर है, लेकिन 253 ।फप् हमें बता रहा है कि हम गहरी गलती कर रहे हैं। यश राज गुप्ता ने कहा हमारा निवेदन है कि बांदा का पर्यावरण विभाग इस स्थिति को गंभीरता से ले और शहर की हवा को स्वच्छ रखने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए।ष साजिद अली ने कहा आज हम दूषित हवा में जीने को मजबूर हो रहे है ये भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं है वही दीपक गुप्ता का कहना है कि वर्तमान में हम सभी छात्र संभाल गए तो निश्चित बदलाव आएगा और साफ हवा प्राप्त कर पाएंगे। इस डिजिटल और ज़मीनी मुहिम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय पर्यावरण विभाग और जिला प्रशासन को इस गंभीर खतरे के प्रति सचेत करना है। छात्र नेताओं ने मांग की है कि प्रदूषण नियंत्रण नियमों का सख्ती से पालन करवाया जाए और कचरा प्रबंधन (वेस्ट मैनेजमेंट) की व्यवस्था को युद्ध स्तर पर सुधारा जाए। छात्र डिजिटल मीडिया में रुठंदकंब्समंद।पत रैंअमठंदकं।पत रजीठंदकं रेंअममदअपतवदउमदज जैसे हैशटैग का उपयोग कर रहे हैं। छात्रों का मानना है कि यह बदलाव केवल सरकारी नीतियों से नहीं, बल्कि सामूहिक इच्छाशक्ति और जनभागीदारी से ही संभव है। यह मुहिम छात्र नेता लव सिन्हा, शैलेंद्र कुमार वर्मा, यशराज गुप्ता, साजिद अली, नन्ना तिवारी, दीपक गुप्ता जैसे सीनियर छात्र नेताओं के नेतृत्व में चल रही है। अब तक सैकड़ों छात्र व छात्र नेता, जिनमें योगेंद्र सिंह पाल, शिवा शुक्ला, विक्की यादव, शिवम शुक्ला, साबिर शेख, ठाकुर युवराज सिंह, भूपेंद्र यादव, प्रिंस शिवहरे, लियाकत अली आदि मुहिम से जुड़ चुके हैं।

## बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर बाइक सवार युवक की हुई मौत

बबेरू/बांदा। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बांदा रोड हरदौली स्टाफ के पास सोमवार की देर शाम बाइक सवार एक युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई, राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी बबेरू लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक युवक की पहचान शिवलाल उर्फ चुन्नू प्रजापति पुत्र रामचंद्र उम्र करीब 25 वर्ष निवासी लोहारा थाना कमासिन के नाम से किया है,वहीं पुलिस के द्वारा परिजनों को सूचना दिया. मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया. वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है। वहीं मृतक का भाई जगरूप प्रजापति ने बताया कि मृतक शिवलाल उर्फ चुन्नू अपने पिताजी के साथ निमंत्रण करने के लिए तिंदवारी गया हुआ था, निमंत्रण करनेवके बाद बाइक में सवार होकर अनौसा गांव पहुंचा जहां पिताजी छोड़ने के बाद बाइक में सवार होकर अपने गांव जाने लगा, तभी बांदा रोड हरदौली स्टाफ के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया।

# प्रदेश सरकार माध्यमिक शिक्षा को बढ़ावा देते हुए विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का कर रही है विकास

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। माध्यमिक शिक्षा का उद्देश्य गुणवत्तापरक शिक्षा, संज्ञानात्मक, सामाजिक, भावनात्मक कौशल, मनोदैहिक क्षेत्र की विभिन्न दक्षताओं को अर्जित करने के साथ उच्च शिक्षा तथा कौशल विकास हेतु तैयार करना एवं दक्षता संवर्द्धन, रचनात्मकता और मौलिकता की वृद्धि करना है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 29216 माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं। माध्यमिक शिक्षा आर्थिक विकास तथा सामाजिक न्याय की स्थापना को सुविधाजनक बनाती है।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में शिक्षा को बढ़ावा देते हुए तकनीकी एवं रोजगार परक शिक्षा पर बल दिया है। सरकार ने माध्यमिक शिक्षा के लिए अधिक से अधिक इण्टर कालेज का निर्माण कराया है। सरकार ने नवीन विद्यालयों की स्थापना एवं अवस्थापना सुविधाओं का विस्तार किया है। प्रदेश में 41 नए इंटर कॉलेज, 215 राजकीय हाई स्कूल का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है तथा 60 नए इंटर कॉलेजों की स्वीकृति दी है। प्रदेश में 280 नए राजकीय इंटर कॉलेज/हाई स्कूल का संचालन करते हुए शिक्षा प्रदान की जा रही है। पूर्वांचल के प्रथम एवं प्रदेश के दूसरे सैनिक स्कूल जनपद गोरखपुर की स्थापना एवं संचालन किया जा रहा है। प्रोजेक्ट अलंकार प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर मूलभूत सुविधाये उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश के 480 राजकीय माध्यमिक विद्यालयो में पुस्तकालय कक्ष, 272 प्रयोगशाला, 1116 मल्टीपरपज हाल, 577 शौचालय, 1006 पेयजल, 464 अतिरिक्त कक्षा कक्ष तथा 1167 राजकीय माध्यमिक विद्यालयो मे चहारदीवारी एवं 184 विद्यालयों में विद्युतीकरण की सुविधाओं से संतृप्त किया गया है। माध्यमिक शिक्षा में प्रोजेक्ट अलंकार हेतु प्रदेश सरकार ने वर्ष 2022-23 में रू0 9831 करोड, वर्ष 2023-24 में रू0 422.00 करोड, वर्ष 2024-25 में रू0 508.58 करोड़ व्यय एवं वर्ष 2025-26 में रू0 479.49 करोड़ के प्राविधान के सापेक्ष रू0 52.14 करोड़ आवंटित किया है।

सहयोगी अनुदान वर्ष 2023-24 में कुल 152 विद्यालयों को रू0 69.30 करोड़ की स्वीकृति के सापेक्ष रू0 25.53 करोड़ आवंटित, वर्ष 2024-25 में कुल 316 विद्यालयों को रू0 141.74 करोड़ की स्वीकृति के सापेक्ष रू0 57.55 करोड़ एवं वर्ष 2025-26 में कुल 86 विद्यालयों को रू0 297 करोड की स्वीकृति के सापेक्ष रू0 198 करोड आवंटित किया गया है। प्रदेश में राजकीय इण्टर कालेजों (बालक/बालिका) में खेल के प्रति जागरूकता बढाने के उद्देश्य से इण्डोर मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 23 राजकीय इण्टर कालेजों में खेल सुविधाओं के सुदृढीकरण हेतु रू0 49.68 करोड़ की धनराशि स्वीकृत तथा मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 12 जून, 2025 को शिलान्यास किया गया है। वर्ष 2025-26 में रू0 50 करोड का प्रावधान किया गया। विद्यार्थियों में तकनीकि एवं व्यवहारिक ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश में स्वीकृत 778 आई0सी0टी0 लैब स्थापित करते हुए क्रियाशील किया गया है।

# खप्टिहा 56/2: खनिज की भर्राशाही, केन नदी थर्रायी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● **खनिज विभाग के संरक्षण में जारी है अवैध खनन कार्य**

बांदा। खनिज विभाग के शह के जनपद में लगातार लाल सोने की लूट का कार्य किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला खप्टिहा में स्थित 56/2 खदान में इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां पर खनिज विभाग की भर्राशाही का का आलम यह है कि इस खदान में केन नदी पर जमकर अत्याचार हो रहा है। शाम होते हुए इस खदान के दबंग पट्टा धारक के गुर्गो द्वारा नदी में भारी-भरकम मशीनों को उतार दिया जाता है। जिससे पूरा इलाका मशीनों की आवाज से सिहर उठता है। अवैध खनन का आलम तो यह है कि नदी में इतने गहरे-गहरे गढ्ढे हो गये हैं कि इन गढ्ढों में डूबकर कभी काई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। लेकिन खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की कुंभकर्णी निद्रा नहीं खुल रही है। अभी कुछ दिन पूर्व इसी खदान संचालक के द्वारा अपने बालू के अवैध ट्रकों को निकालने के लिए नदी की जलधारा को रोककर पुलिस बना लिया गया था। जिसको स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद मौके पर पहुंचकर अधिकारियों ने ढहा दिया था। लेकिन इसके बाद भी हालातों में कुछ सुधार नही हुआ। बल्कि कार्यवाही के बाद से मानों खदान संचाल के मोहिनी मंत्र के आगे खनिज विभाग पूरी तरह से नतमस्तक होता नजर आ रहा है। यही वजह है कि आज तक खदान शुरू होने के बाद शुरू हुए अवैध खनन कार्य पर किसी भी अधिकारी की कोई निगाह नही पड़ी। सूत्रों के अनुसार खदान संचालक का कहना है कि खनिज विभाग के जिम्मेदारों को मैने अपनी मुट्ठी मे ंकर रखा है। किसी की क्या मजाल जो कार्यवाही हो। अब देखना यह है कि खनिज विभाग या प्रशासनिक अधिकारी इस खदान में अवैध भर्राशाही पर कब लगाम लगाते हैं।

## पानी की पाठशाला में जल संरक्षण का संदेश

बांदा। मंगलवार को विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल में जल संरक्षण की आवश्यकता को लेकर ल्पानी की पाठशालाङ्क विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आगंतुक अतिथियों के बैज अलंकरण के साथ किया गया। विद्यालय के निदेशक पूर्णाशीश रथ ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया और जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा ल्पानी की कहानी, बचानी है ये ज़िंदगानीङ्क तथा ल्नदियाँ हमारी, उन्हें बचाना हमारी जिम्मेदारीङ्क जैसे संदेशपरक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा।पिछले 30 वर्षों से जल संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय, ल्खेत पर मेड़, मेड़ पर पेड़ङ्क अभियान के प्रणेता एवं जल योद्धा पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय ने कहा कि केवल नीतियाँ बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि जल संरक्षण के लिए जन-जन की सहभागिता और व्यवहारिक प्रयास आवश्यक हैं।

# एसपी ने पुलिस लाइन में स्थापित कार्यालयों व शाखाओं का किया वार्षिक निरीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा आज पुलिस लाइन में स्थापित समस्त शाखाओं/कार्यालयों का वार्षिक निरीक्षण किया गया । इस दौरान पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा वाचक कार्यालय, आईजीआरएस शाखा, अपराध शाखा, चुनाव सेल, गुमशुदा सेल, मॉनिटरिंग सेल, स्थानीय अभिसूचना इकाई, वीवीआईपी सेल, फील्ड यूनिट, ।भ्ज्, साइबर क्राइम थाना, यूपी-112 कार्यालय, जिला नियंत्रण कक्ष, रेडियो शाखा, यातायात कार्यालय, क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय व क्षेत्राधिकारी सदर कार्यालय आदि का गहन निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान संबंधित शाखाओं के अभिलेखों की जांच कर उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । प्रभारी डायल-112 को आपातकालीन पुलिस सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील बनाने तथा आमजनमानस



को इसके उपयोग के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए । पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त शाखा प्रभारियों को अपने-अपने कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ।

साथ ही लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए कार्यालय के कार्यों को सुव्यवस्थित एवं जनहितकारी ढंग से संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया । पुलिस अधीक्षक ने कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी जाना तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बन्धित को आदेशित भी किया गया । कार्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं अनुशासन बनाए रखने पर विशेष बल दिया तथा सभी कर्मचारियों से अपेक्षा की, कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे जनसामान्य को बेहतर सेवा उपलब्ध कराई जा सके । निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा/क्षेत्राधिकारी लाइन सुश्री मेविस टॉक, क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर, क्षेत्राधिकारी डायल-112/यातायात सुश्री प्रतिज्ञा सिंह, प्रतिसार निरीक्षक वेलास यादव आदि उपस्थित रहे ।

# वृद्ध जनों को प्रदान किए गए निशुल्क सहायक उपकरण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी, वृद्ध केयर क्वालिटी ऑफ लाइफ फाउंडेशन द्वारा निर्मल तमसा सेवा समिति के समन्वय से आज वृद्धाश्रम, ओसा में वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किये गये। इस अवसर पर जानकारी देते हुए निर्मल तमसा सेवा समिति के सचिव आलोक राय ने बताया कि शारीरिक रूप से असक्षम एवं दिव्यांग वृद्धजनों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए। इनमें ट्राई साइकिल, बैसाखी/व्हील चेयर, वॉकिंग स्टिक, हियरिंग मशीन, घुटनों की बेल्ट एवं कमर की बेल्ट शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन सहायक उपकरणों के माध्यम से वृद्धजनों को चलने-फिरने एवं सुनने संबंधी समस्याओं में राहत मिलेगी, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। इसके साथ ही तनाव एवं अवसाद में भी कमी आएगी तथा वृद्धजनों की शारीरिक एवं सामाजिक क्षमता में वृद्धि होगी। सचिव आलोक राय ने बताया कि सहायक उपकरणों के उपयोग से वृद्धजन अपने दैनिक कार्य स्वयं करने में सक्षम होंगे और उन्हें दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। यह पहल वृद्धजनों के सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अपर जिला जज/सचिव मनीष निगम ने किया जिला कारागार उन्नाव का निरीक्षण

● **बंदियों को बताए विधिक अधिकार, नि:शुल्क विधिक सहायता व लोक अदालत की दी जानकारी**

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की कार्ययोजना वर्ष 2025-26 के क्रियान्वयन के क्रम में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव के जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा-त्र के दिशा-निर्देश पर मंगलवार को जिला कारागार उन्नाव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव मनीष निगम द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल राजेश त्रिपाठी, डिप्टी चीफ रमेश चन्द्र वर्मा,



असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्तिक सिंह, जेल अधीक्षक पंकज सिंह, जेलर कृष्ण मोहन, राहुल श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सचिव मनीष निगम ने जिला कारागार में निरुद्ध पुरुष एवं महिला बंदियों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों एवं कार्यों से अवगत कराया। साथ ही रिमाण्ड, जमानत एवं अन्य कानूनी अधिकारों के प्रति बंदियों को जागरूक किया।

निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जो भी बंदी नि:शुल्क अधिवक्ता के लिए प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करना चाहते हैं, उनके आवेदन तत्काल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव को अग्रसारित किए जाएं, जिससे उन्हें नियमानुसार नि:शुल्क अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

इसके अतिरिक्त सचिव महोदय ने निरुद्ध बंदियों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.12.2025 तथा ई-जेल लोक अदालत दिनांक 25.11.2025 के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने बंदियों से जेल में रहन-सहन, खान-पान एवं स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में पूछताछ की। निरीक्षण के अंत में सचिव द्वारा जिला कारागार स्थित जेल पाकशाला एवं जेल चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता की जांच की और जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।

## आशा वर्कर्स की हड़ताल से पोलियो अभियान प्रभावित, डॉक्टरों ने संभाली कमान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शुक्लागंज-उन्नाव। उत्तर प्रदेश में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आशा वर्कर्स की अनिश्चितकालीन हड़ताल ने स्वास्थ्य सेवाओं के समक्ष बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। इसका सीधा असर 15 दिसंबर से शुरू हुए पल्स पोलियो अभियान पर पड़ा है। शुक्लागंज क्षेत्र में अभियान को सफल बनाने के लिए डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को खुद मैदान में उतरना पड़ा है। शुक्लागंज की न्यू पीएचसी अंतर्गत संचालित पोलियो अभियान में 55 आशा वर्कर्स की अहम भूमिका रहती है, लेकिन वेतन वृद्धि और स्थायी सेवा की मांग को लेकर यूपी आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर सभी आशा बहुएं हड़ताल पर हैं। ऐसे में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने में विभाग को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पांच दिवसीय अभियान के तहत करीब 56 हजार बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

# जिलाधिकारी ने आवागमन की दृष्टिगत वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के दिये निर्देश



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज नगर पंचायत सिराथू के वार्ड संख्या-4 हौलीपर, विद्यालय मार्ग में जल-जमाव की समस्या के समाधान के दृष्टिगत मौके पर पहुँचकर निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि उक्त मार्ग को ऊँचा करने के लिए नगर पंचायत द्वारा प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निर्देशित किया कि मार्ग के समीप अस्थायी तौर पर वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित कराई जाए, जिससे आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही उन्होंने जल-जमाव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु जल निकासी से संबंधित आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर तहसीलदार अनन्त अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेलरहा पश्चिम का किया आकस्मिक निरीक्षण

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सेलरहा पश्चिम का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सक डॉ. हर्ष किरन से प्रतिदिन की ओ.पी.डी., दवाओं की उपलब्धता तथा स्टाफ की उपस्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को समयबद्ध एवं बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही अस्पताल एवं उसके परिसर में स्वच्छता की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश भी दिये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने सी.एच.ओ. से उपलब्ध कराई जा रही है।

# क्षतिग्रस्त सड़क से ग्रामीण परेशान तीन साल से मरम्मत का इंतजार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

परियर- उन्नाव। विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी के परियर चकलवंशी मार्ग से लवकुश महाविद्यालय के पास से एचपी गैस एजेंसी होते हुए भदेवना जाने वाली सड़क पिछले कई वर्षों से बदहाल पड़ी है। लगभग एक किलोमीटर लंबा यह मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की दुर्दशा को लेकर कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय निवासी डॉ. जगदीश गौतम, संदीप, कुलदीप,



हीरालाल, कमलेश, दिनेश, बबलू, रोहित, हरी, करन, नीरज, मिथुन सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र की प्रमुख संपर्क मार्ग है, बावजूद इसके प्रशासन ने उदासीन रवैया अपनाया हुआ है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता ने बताया कि जल्द ही उक्त सड़क को कार्य योजना में शामिल कर निर्माण कराया जाएगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि शीघ्र ही सड़क की मरम्मत से उन्हें राहत मिलेगी।

## नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट ने उत्साहपूर्वक मनाया विजय दिवस

शुक्लागंज- उन्नाव। नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट द्वारा मंगलवार को पोनी रोड स्थित कार्यालय पर विजय दिवस का आयोजन पूरे उत्साह और देशभक्ति के माहौल में किया गया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों के साथ शहीद सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष मयंक बाजपेयी ने कहा कि 16 दिसंबर 1971 का दिन भारतीय इतिहास में अद्वितीय साहस और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इसी दिन पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों ने भारतीय सेना के समक्ष आत्मसमर्पण किया था, जिसके फलस्वरूप बांग्लादेश का निर्माण हुआ।

# सभी 16 ब्लॉकों में खुलेंगे पशु जनऔषधि केंद्र पशुपालकों को सस्ती दवाओं की बड़ी राहत

● **जेनेरिक दवाओं से घटेगा इलाज खर्च, बढ़ेगी पशुपालकों की आय**

● **पैलानी क्षेत्र के हाईस्कूल रेहुंटा में हुआ आयोजन**

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव जिले के पशुपालकों के लिए राहत भरी खबर है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पशु जनऔषधि योजना के तहत जिले के सभी 16 ब्लॉकों में पशु जनऔषधि विक्रय केंद्र खोले जाएंगे। यह योजना मानव उपयोग की प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना की तर्ज पर शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य पशुओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं बेहद किफायती दरों पर उपलब्ध कराना है। इससे पशुओं के इलाज का खर्च कम होगा और पशुपालकों की आय में वृद्धि



होगी।

पशुपालन विभाग ने योजना को धरातल पर उतारने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। ब्लॉक स्तर पर केंद्रों के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन, जागरूकता अभियान और आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। केंद्र संचालन के लिए पंजीकृत फार्मासिस्ट, ड्रग लाइसेंस धारक, प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (पैक्स), प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र और अन्य सहकारी संस्थाएं आवेदन कर सकती हैं।

आवेदक के पास न्यूनतम 120 वर्ग फीट स्थान होना अनिवार्य है। आवेदन शुल्क ?5000 निर्धारित किया गया है। पूरी आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी, जो पशुपालन विभाग की वेबसाइट के माध्यम से पूरी की जाएगी।

इसके साथ ही जिले में 12 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां भी तैनात की गई हैं। ये इकाइयां दूर-दराज के गांवों में जाकर मवेशियों का निःशुल्क इलाज कर रही हैं। टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करने पर मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई सीधे पशुपालकों के द्वार तक पहुंच रही है।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि जिले के सभी ब्लॉकों के पशु चिकित्सा अधिकारियों को पशु जनऔषधि केंद्रों के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करने, व्यापक प्रचार-प्रसार करने और प्राप्त आवेदनों की जांच करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इन केंद्रों के शुरू होने से पशुपालकों का इलाज खर्च घटेगा, पशु स्वस्थ रहेंगे, दूध उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पशुपालकों के लिए यह योजना एक बड़ी राहत और आर्थिक संबल साबित होगी।

# नकहा के स्कूलों में डीएम का 'रियलिटी चेक' कहीं गंदगी पर फटकार, कहीं मेहनत पर तालियां

- कॉपियां पलटीं, सवाल पूछे–गंदगी देख सख्त हुईं डीएम
- लापरवाही पर प्रधानाध्यापिका सुमनलता को नोटिस जारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखीमपुर खीरी। मंगलवार को विकास क्षेत्र नकहा के परिषदीय विद्यालयों में उस वक्त खलबली मच गई, जब डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल अचानक निरीक्षण पर पहुंच गईं। डीएम ने यूपीएस धोबहा, यूपीएस अमृतागंज, पीएस अमृतापुर और पीएस अमृतागंज में पढ़ाई से लेकर परीक्षा, मिड-डे मील, साफ-सफाई और अनुशासन तक हर पहलू की बारीकी से पड़ताल की। निरीक्षण में डीपीआरओ विशाल सिंह, बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी और डीपीओ भारत प्रसाद भी साथ रहे। निरीक्षण के दौरान यूपीएस धोबहा में गणित की अर्धवार्षिक परीक्षा चल रही थी। डीएम ने बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं देखीं, शैक्षिक स्तर परखा और एमडीएम की गुणवत्ता जांची। लेकिन फर्श की गंदगी, महीनों से न लगी झाड़ू और टूटी टोटियां देखकर डीएम नाराज हो गईं। लापरवाही पर प्रधानाध्यापिका सुमनलता को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए गए।

**एक शिक्षक, पूरी व्यवस्था- डीएम ने थपथपाई पीठ-** इसके बाद यूपीएस अमृतागंज में कला परीक्षा के दौरान बच्चों को प्लेन पेपर पर हुनर उकेरते देखा। 209 नामांकन के सापेक्ष 195 बच्चों की मौजूदगी और बेहतर अधिगम स्तर देख डीएम संतुष्ट दिखीं। एकमात्र शिक्षक संतोष कुमार वर्मा द्वारा स्कूल को सलीके से संचालित करने पर डीएम ने बीएसए को प्रशंसा पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

**दाल में पोषण, पढ़ाई में कसावट का संदेश-** पीएस अमृतापुर में मध्यान भोजन की दाल परखी गई। डीएम ने पोषण बढ़ाने के लिए दाल में बथुआ डालने के निर्देश दिए और बच्चों की पढ़ाई जांची। पीएस अमृतागंज में बच्चे भोजन करते मिले। डीएम ने बच्चों को स्नेह दिया, भोजन वितरण की जानकारी ली और गणित की कॉपियां देखीं। डीएम ने छात्र रवि को बुलाकर जोड़-घटाना, गुणा और भाग के सवाल पूछे। डीएम ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि कमजोर अधिगम स्तर वाले बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# शीतलहर में एडीएम का मैदानी मोर्चा, अलाव से रैन बसेरों तक लिया हाल, जरूरतमंदों को बांटे कंबल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखीमपुर खीरी। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बढ़ते असर को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह एक्टिव मोड में नजर आया। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने शहर लखीमपुर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर खुद पहुंचकर राहत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और जिला महिला अस्पताल परिसर में जल रहे अलावों और स्थापित रैन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखी।

निरीक्षण के दौरान एडीएम ने अलावों में पर्याप्त ईंधन, उनकी निरंतरता और सुरक्षा इंतजामों को बारीकी से देखा। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि ठंड के इस दौर में किसी भी हाल में अलाव बुझने न पाए। रैन बसेरों में साफ-सफाई, रोशनी, पेयजल और ठहरने की व्यवस्था हर समय दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।

एडीएम ने स्टेशन, बस स्टैंड और अस्पताल परिसर में मौजूद जरूरतमंद, निराश्रित और बेसहारा लोगों से संवाद किया और उन्हें कंबल वितरित कर ठंड से राहत पहुंचाई। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत और भरोसा साफ नजर आया। उन्होंने कहा कि रात के समय विशेष निगरानी रखी जाए और संबंधित टीमें लगातार फील्ड में रहकर अलाव और रैन बसेरों की मॉनिटरिंग करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# कुकरा के आलीशान मकान व दुकानों पर नये साल में चल सकता है कानून का बुलडोजर



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कुकरा खीरी। एसडीएम के आदेश के अनुपालन में प्रधान प्रतिनिधि इरफान पठान (पम्मी)के नेतृत्व में अवैध अतिक्रमण को किया गया चिन्हित अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप। एसडीएम गोला के जारी आदेश दिनांक 4.12.2025 पत्रांक संख्या- 62 62- के अनुपालन में नायब तहसीलदार ताहिर परवेज,कानूनगो प्रेम सिंह, लेखपाल कैलाश चंद्र,लोक - निर्माण विभाग के जेई आलोकपटेल,ग्राम पंचायत अधिकारी अशोक कुमार राणा,चौकी प्रभारी कुकरा अवलीश कुमार पवार मय फोर्स-के साथ कस्बा कुकरा के मैन चौराहा पर स्थित लोक निर्माण-विभाग के अधिकृत क्षेत्र के अंदर - अतिक्रमणकारियों के आलीशान मकान और पक्की दुकानों पर नक्शे के आधार पर राजस्व - विभाग ने जरीब डालकर चिन्हित करते हुए लाल रंग से निशान लगा दिए है। चिहि्नत किए गए आलीशन मकान व दुकानों की संख्या सैकड़ों में बताई गई हैं जिसमें पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों द्वारा मकान व दुकानों के मालिकों को चेतावनी दी है कि अस्थाई व स्थाई अतिक्रमण को तीन से 15 दिनों के अंदर अवैध निर्मित कब्जे को हटा लें,अन्यथा बलपूर्वक पीडब्ल्यूडी विभाग की भूमि पर अवैधानिक रूप से निर्मित अतिक्रमण को हटाया जायेगा। अवैधानिक रूप से काबिज मकान व दुकान के स्वामियों को यह भी चेतावनी दी है कि समय सीमा खत्म होते ही अवैध कब्जेदारों की इमारतों पर कानून का भी बुलडोजर चलेगा। चिन्हित किए गए मकान व दुकानों की संख्या सैकड़ों में बताई जाती है। एसडीएम द्वारा गठित की गई टीम की निशानदेही एवं चिन्हित होते ही मकान और दुकानों के मालिकों में हड़कंप मच गया है।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 40 से अधिक मरीजों की जांच



अज़ान खीरी। ममरी में संचालित आसरा वृद्धा आश्रम में डॉक्टर शराब चैरिटी आई हॉस्पिटल मोहम्मदी की शाखा बांकेगंज के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच का शिविर लगाया गया। इस शिविर में वृद्ध आश्रम के अलावा आसपास गांवों के जरूरतमंद 40 से अधिक मरीजों ने प्रतिभाग किया। शिविर में डॉक्टर सीमा पाल और अजीत कुमार ने आए हुए मरीजों की जांच की, जिसमें मोतियाबिंद के लिए 21 मरीज चिन्हित किए गए। इसके अलावा 19 मरीजों को दवाई और चश्मा दिया गया। शिविर में संस्था के प्रबंधक अजय कुमार, प्रधान सचिन वर्मा, आनंद मोहन, सुरेश पटेल, अमित कुमार, आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# कोहरे और कड़ाके की सर्दी ने जनजीवन किया अस्त-व्यस्त, लोग ठिठुरते रहे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला नगर और आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को कोहरे और कड़ाके की सर्दी ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। ठिठुरती ठंड में लोग जरूरी काम के लिए घरों से निकले, लेकिन ठंडी हवा और कोहरे ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दीं। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते जनपद में पारा गिरने से ठंडी हवा ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। सोमवार रात से ही पारा गिरने के साथ ही ठंडी हवा ने गलन का अहसास कराया, जो शाम तक आसमान में सूरज ढके रहने से पूरे दिन ठंड का एहसास होता रहा। कोहरे के कारण वाहनों और रेल गाड़ियों की रफ्तार धीमी रही, जिससे लोगों को परेशानी हुई। पशु-पक्षी भी ठंड से बेहाल रहे। घने कोहरे के चलते दृश्यता शून्य हो जाने के कारण सफर दुष्कर हो गया। आसमान में कोहरे की चादर छाई रहने से हाई-वे और मुख्य सड़कों पर वाहन लाइट जलाकर रेंगते हुए निकले। मौसम की ठंडक के कारण अधिकांश लोग घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा सके। इसके चलते जहां मॉर्निंग वॉक को निकलने वाले लोगों की संख्या कम रही, वहीं सर्दी में सिकुड़ते हुए बच्चे स्कूलों के लिए रवाना हुए। जरूरी काम या फिर दफ्तरों के लिए निकले लोग ठंडी हवा से बढ़ी गलन से बेहाल रहे।

कोहरे के चलते दृश्यता कम होने से प्रमुख सड़कों व हाई वे पर वाहनों की संख्या कम रहने से जहां लोगों को सुबह गंतव्य तक पहुंचने में लोगों को परेशानी हुई। वहीं रेलगाड़ियों की रफ्तार भी धीमी रही। कस्बे में कहीं भी प्रशासन ने अलावा जलाने की व्यवस्था नहीं की, जिससे लोग ठिठुरते नजर आये।

# थाना तिकुनियाँ पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तिकुनियाँ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी निघासन के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक थाना तिकुनियाँ के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने आज दिनांक 16 दिसंबर 2025 को वांछित अभियुक्त ओमप्रकाश उर्फ नटरा पुत्र शंकर, निवासी सुथना बरसोला थाना तिकुनियाँ, जनपद खीरी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त थाना तिकुनियाँ में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 277/2025 धारा 103(1) बीएनएस में वांछित चल रहा था। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। पुलिस अधीक्षक खीरी ने बताया कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय परिषद का सदस्य निर्वाचित होने पर क्षेत्र में लोगों को उत्साह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मितौली खीरी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर को भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय परिषद का सदस्य निर्वाचित होने पर उनके गृह जनपद लखीमपुर खीरी सहित पूरे उत्तर प्रदेश भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल दिखाई दिया लोगों ने आपस में मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। विकास कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर लगातार सक्रिय रहने गरीबों और सर्व समाज के उत्थान के लिए जनहित में तत्परता के कारण उन्हें यह जिम्मेदारी प्रदेश नेतृत्व ने सौंपी है निर्वाचित होने पर पूरे लखीमपुर खीरी जनपद सहित प्रदेश के सर्व समाज के लोगों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है विकासखंड मितौली सहित उनके पैतृक गांव चुरईपुरवा में भी जश्न का माहौल है। चुरईपुरवा के पूर्व प्रधान रामप्रमाद, शमशाद अली और करुणेश कुमार उर्फ रिंकू प्रधान, सियाराम गौतम,जितेंद्र चौधरी, राम नारायन,वेद प्रकाश गौतम सहित स्थानीय जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष खुशी दिखाई दी लोगों ने आपस में मिठाई खिलाकर, पटाखे फोड़कर, आपस में आमीर गुलाल लगाकर खुशी मनाई।

# सफला एकादशी पर धूमधाम से मनाया गया खाटू श्याम का संकीर्तन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। गोला नगर के समीपवर्ती कंजादेव स्थान पर श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति गोला द्वारा सफला एकादशी के उपलक्ष्य पर खाटू श्याम मंदिर में एक भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से पूरी तरह भरा हुआ था, और गणेश स्तुति से संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता की मधुर आवाज ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्त खाटू श्याम के भजनों पर झूमते-नाचते नजर आए। सुंदर-सुंदर भजनों को सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। त्श्याम बाबा श्याम बाबा तेरे चरणों मे अरदास लाया हूँ - तेरी रहमतों का किस्सा सरेशाम चल रहा हैत्, और त्मेरा दिल तुझे पे कुरवाँ मुरलियाँ वालेत जैसे भावपूर्ण भजनों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। खाटू श्याम मंदिर के पुजारी सन्तोष पाठक ने बताया कि हिंदू धर्म में एकादशी का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रत्येक वर्ष चौबीस एकादशियाँ होती हैं। जब अधिकमास या मलमास आता है तब इनकी संख्या बढ़कर 26 हो जाती है। पद्मपुराण में पौषमास के कृष्णपक्ष की एकादशी के विषय में युधिष्ठिर के पूछने पर भगवान श्रीकृष्ण बोले- बडे-बडे यज्ञों से भी मुझे उतना संतोष नहीं होता, जितना एकादशी व्रत के अनुष्ठान से होता है।

संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और खाटू श्याम की भक्ति में लीन हो गए। पुरुष, महिलाएं और बच्चे सभी इस संकीर्तन में सम्मिलित हुए और खाटू श्याम के जयकारों से मंदिर प्रांगण को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम का समापन श्री खाटू श्याम बाबा की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। मंदिर के पुजारी सन्तोष पाठक ने भक्तों को श्याम बाबा का आशीर्वाद दिया और सभी ने बड़े ही श्रद्धा-भाव से प्रसाद ग्रहण किया। बुधवार 17/12/25 को प्रमोद सोनी के निवास गांधी स्कूल के पीछे श्री खाटू श्याम बाबा का संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी श्याम भक्त आमंत्रित हैं और अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर श्याम भजनों का रसपान कर आशीर्वाद प्राप्त करें।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत, महामंत्री अजय गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, शिवम गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी, बबलू जायसवाल, शिवम गुप्ता, संतोष गुप्ता, अनुराग गुप्ता, सुमित राठौर, प्रवीण रस्तोगी, रमेश वर्मा, संजय गुप्ता (बद्री स्वीट), संदीप राजपूत, अभिषेक राजपूत, जितेंद्र गुप्ता, रिशू महेश्वरी, मयंक महेश्वरी, विवेक कुमार सहित अन्य सभी सेवादार उपस्थित रहे।

# ब्लॉक प्रमुख ने किया विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ, 280 मरीज का हुआ रजिस्ट्रेशन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





गोला गोकर्णनाथ खीरी। तहसील गोला क्षेत्र के सीएचसी बिजुआ में मंगलवार को विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की जिला स्तरीय टीम द्वारा मरीज को उपचार व दवाएं वितरित की गई। विशाल मेगा कैंप का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख नेहा राज एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुभाष वर्मा द्वारा किया गया। साथ में ब्लॉक प्रमुख पति और प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। शिविर मे 280 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया और 45 मानसिक मंदित बीमार व्यक्तियों का मानसिक परीक्षण करते हुए दवा भी दी गई।डॉ सुभाष वर्मा, चिकित्सा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि आज मानसिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आज लोगों को खास कर ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों को झाड़ फूंक व ओझा हकीम से दूर रहकर मानसिक बीमारियों के इलाज को करवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है और इसके लिए डॉक्टर की टीम जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और ब्लॉक स्तर पर कैंप लगाकर अपनी सेवाओं को दे रही है ।विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर में जिला पुरुष अस्पताल से मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला द्वारा कैंप में मरीजों को देखा गया। इस दौरान उनके साथ मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और एनसीडी की टीम सहित सीएससी के डॉक्टर पैरामेडिकल स्टाफ अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला ने इस दौरान कहा कि मानसिक रोग जैसे अनिद्रा, अवसाद, बेहोशी के दौरें आना, चक्कर आना, बुद्धि का कम विकास होना, भेद भाव, पूर्व जन्मों का अभिश्राप , सिर मे दर्द, माइग्रेन, चिंता, घबराहट, झाड फूक, उपरी शक्ति का प्रभाव, तनाव प्रबंधन, सुसाइड प्रिवेंशन आदि विषय पर जागरूक किया गया और बिना किसी झिझक के टीम के सामने आकर इलाज कराने और समाज मे व्याप्त भ्रांति को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रकोष्ठ द्वारा बिजुआ क्षेत्र से आये उपस्थित जन समूह एवं सीएचओ, आशा, एएनएम, स्टाफ नर्स, अन्य कर्मचारियों को पम्पलेट वितरित कर बिमारी व उपचार के बारे मे विस्तार से बताया गया और परामर्श दिया गया। साईक्रेटिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि जिला पुरुष अस्पताल के कमरा नं. 02 मे दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को ओ.पी.डी. के समय 8 बजे प्रातः से 2 बजे अपरान्ह और हेल्पलाइन नं. 9120984643 और मानसिक स्वास्थ्य टेली मानस टोल फ्री न.14416 (247) पर कोई समस्या होने पर सम्पर्क कर सकते हैं। चिन्हित किये गये मानसिक रूप से विमार व्यक्ति को नियमित आने व ईलाज का परामर्श दिया गया। साथ ही सामु.स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रत्येक माह के तीसरे मंगलवार को आने की सलाह दिया गया। शिविर मे 280 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया और 45 मानसिक मंदित बीमार व्यक्तियों का मानसिक परीक्षण करते हुए दवा साईक्रेटिक नर्स विवेक कुमार मित्तल द्वारा प्रदान की गई। स्तुति कक्कड़ नैदानिक मनोवैज्ञानिक द्वारा 02 मरीजों का मानसिक परीक्षण किया गया और बुद्धिमत्ता की जाँच की गई। एनसीडी काउंसलर राजेश पाल द्वारा काउंसलिंग की गई और स्टाफ नर्स प्रीति शर्मा द्वारा 42 मरीजों की ब्लड शुगर और बीपी की जाँच की गई। शिविर मे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मितौली से अधीक्षक डॉ सुभाष वर्मा, डॉ रिजवान, डॉ धर्मेश, अर्श काउंसलर सरिता राज, लैब तकनीशियन एकांश आर्य, विवेक कुमार एवं अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ उपस्थित रहा।

# सिंगाही पुलिस ने चार वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सिंगाही पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी निघासन के कुशल मार्गदर्शन में थाना सिंगाही पुलिस ने चार वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना सिंगाही के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 16 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में नरेश पुत्र छोटेलाल पासी एवं पवन पुत्र सरजू निवासी ग्राम भैरमपुर, बूटा सिंह पुत्र जगीर सिंह निवासी ग्राम मांझा तथा शिवराम पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम चौगुर्जी मजरा मांझा, थाना सिंगाही जनपद खीरी शामिल हैं। पुलिस ने सभी वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मोहित सिंह, हेड कांस्टेबल मो. अली तथा कांस्टेबल छतरपाल सिंह शामिल रहे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# युवा नेता शशांक सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात

■ पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रेम सिंह के मार्गदर्शन में शशांक सिंह ने लखनऊ में सीएम से भेंट कर हरियावां के विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



हरियावां। हरदोई जनपद की राजनीति में इस समय जबरदस्त हलचल है। हरियावां ब्लॉक के प्रमुख प्रतिनिधि शशांक सिंह ने अपने पिता, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रेम सिंह के साथ लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस उच्च-स्तरीय भेंट ने न केवल हरियावां, बल्कि पूरे जनपद की राजनीतिक सरगर्मी को बढ़ा दिया है।

मुख्यमंत्री से भेंटः युवा नेतृत्व की बड़ी उपलब्धि।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शशांक सिंह की मुलाकात को उनकी राजनीतिक यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, इस भेंट के दौरान शशांक सिंह ने हरियावां ब्लॉक के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों और जायज माँगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।मुलाकात के बाद युवा नेता शशांक सिंह काफी प्रसन्न और संतुष्ट नजर आए, जिससे यह माना जा रहा है कि उनकी माँगों पर सकारात्मक आश्वासन मिला है। राजनीतिक निहितार्थः राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह मुलाकात आगामी ब्लॉक प्रमुख चुनावों के लिए एक ठोस राजनीतिक आधार तैयार करेगी और युवा नेता के बढ़ते कद को दर्शाती है।अटल नेतृत्व' की नई पीढ़ी का उदय।पिता प्रेम सिंह जी, जो अपने कार्यकाल में ईमानदारी और जनकल्याण के लिए जाने जाते थे, उनकी छत्रछाया में शशांक सिंह अब सक्रिय रूप से कमान संभाल रहे हैं। शशांक सिंह ने एक जनसभा में स्पष्ट किया थाः ''मेरे पिता, प्रेम सिंह जी, मेरे 'राजनीतिक गुरु' हैं। उनके आशीर्वाद और संघर्षों को अपनी पूँजी बनाकर, मैं हरियावां को विकास का एक ऐसा मॉडल बनाऊँगा, जिसकी चर्चा पूरे जनपद में होगी। अब हम सिर्फ विकास नहीं, बल्कि 'महाकाम' करेंगे!''यह मुलाकात हरदोई के युवाओं में भी एक नया जोश भरने का कार्य कर रही है, जो एक संस्कारी और समर्पित नेतृत्व को राजनीति के केंद्र में देख रहे हैं। हरियावां में गूँज अब काम नहीं महाकाम होगा! क्षेत्र की जनता इस नए समन्वय को लेकर उत्साहित है। उनका मानना है कि अनुभवी पिता का मार्गदर्शन और ऊर्जावान युवा बेटे का समर्पण मिलकर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास लाएगा। मुख्यमंत्री से सीधी मुलाकात के बाद हरियावां के लोगों में यह विश्वास और भी मजबूत हुआ है।

## नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी को राहत मिलने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष, सरकार पर साधा निशाना



वाराणसी। नेशनल हेराल्ड केस में मंगलवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और पार्टी नेता राहुल गांधी को न्यायालय से बड़ी राहत मिलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस फैसले के बाद पार्टी नेताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि सरकार ने राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से इस मामले में कार्रवाई की। वाराणसी महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार की बदनीयती और गैरकानूनी तरीकों से की गई कार्रवाई आज अदालत में पूरी तरह से बेनकाब हो गई है। उन्होंने कहा कि अदालत ने यंग इंडिया (नेशनल हेराल्ड) मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को अवैध और दुर्भावना से ग्रसित करार दिया है। अदालत ने यह भी फैसला सुनाया कि ईडी का यह मामला उसके क्षेत्राधिकार से बाहर है, क्योंकि आरोपियों पर कोई प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज ही नहीं की गई है। ऐसे में कोई मामला बनता ही नहीं। राघवेंद्र चौबे ने कहा कि पिछले एक दशक से केंद्र सरकार की यह कार्रवाई मुख्य विपक्षी दल के खिलाफ़ राजनीतिक बदले की भावना से की जा रही थी।

## घर से नाराज होकर निकली तनु को पुलिस ने दिया सहारा, बेटी पाकर परिजनों के छलके आंसू

■ माता-पिता कर रहे सीतापुर पुलिस की तारीफ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



सीतापुर। कभी-कभी एक छोटी-सी नाराज़गी भी बड़ी अनहोनी का रूप ले सकती है, लेकिन समय पर मिली मदद किसी परिवार की दुनिया फिर से जोड़ देती है। ऐसा ही एक मामला सीतापुर रेलवे जंक्शन पर सामने आया, जहां गश्त के दौरान पुलिस की सतर्कता और मानवीय व्यवहार से एक नाबालिग बच्ची सुरक्षित अपने माता-पिता तक पहुंच सकी। अनूपशहर, बुलंदशहर निवासी 15 वर्षीय तनु गोस्वामी पुत्री संजीव कुमार वर्तमान पता सूर्य विहार पार्ट-3, फरीदाबाद (हरियाणा) घर से नाराज़ होकर चली आई थी। रेलवे जंक्शन सीतापुर के पास गश्त के दौरान शहर कोतवाली की सदर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक स्वाती चतुर्वेदी अपने हमराह कांस्टेबल कुलदीप कुमार व कांस्टेबल ओम प्रकाश के साथ पहुंचीं, जहां उन्होंने बच्ची को अकेली, घबराई और परेशान हालत में खड़ा देखा। शुरुआत में तनु कुछ भी बताने से कतराती रही, लेकिन जब पुलिस ने मां-बाप जैसा अपनापन दिखाया और प्यार से समझाया तो उसकी आंखें छलक पड़ीं। उसने बताया कि वह घर से नाराज़ होकर निकल आई है। पूछताछ में उसने अपने बड़े मामा का नाम, पता और मोबाइल नंबर दिया। पुलिस ने तत्काल फोन पर मामा और फिर बच्ची के पिता संजीव कुमार से बात की। बच्ची की सुरक्षा को देखते हुए उसे वन स्टॉप सेंटर में दाखिल कराया गया। इसके बाद पिता संजीव कुमार थाना पहुंचे। सभी औपचारिकताएं पूरी कर नाबालिग तनु को सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। बेटी को सुरक्षित पाकर माता-पिता की आंखों में आंसू और चेहरे पर राहत साफ झलक रही थी। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि जब पुलिस संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण के साथ काम करती है, तो वह सिर्फ कानून की नहीं, बल्कि टूटते रिश्तों को जोड़ने की भी मजबूत कड़ी बन जाती है।

## उत्तर प्रदेश पुलिस की बड़ी कामयाबी : वाराणसी में दुर्दांत अपराधी अजय उर्फ विजय गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सारनाथ पुलिस ने मंगलवार सुबह शातिर अपराधी अजय उर्फ विजय को गिरफ्तार किया है। इस अपराधी के खिलाफ लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और चंदौली व गाजीपुर, जौनपुर समेत बिहार में 15 से अधिक अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। यह पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है। सारनाथ थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के अनुसार गिरफ्तार किया गया शातिर अपराधी अजय उर्फ विजय का नाम 13 सितंबर 2007 को वाराणसी के पांडेयपुर में सरकारी चिकित्सक डॉ. डीपी सिंह की गोली मारकर हत्या मामले में भी आया था। इस मामले में अजय उर्फ विजय सिंह के ऊपर मुक़दमा दर्ज किया गया। इस आरोपी ने वर्ष 2012 में गाजीपुर के सैदपुर में सराफा कारोबारी भाईयों को गोली मारकर लाखों की लूट की थी। अप्रैल वर्ष 2013 में अजय को वाराणसी कैंट पुलिस ने शातिर अपराधी अजय उर्फ विजय को 9 एमएम की पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था। इसके कुछ माह बाद ही अजय जमानत पर छूट गया था। सितंबर वर्ष 2022 में उसने चंदौली की अदालत में गैंगस्टर के पुराने मामले सरेंडर किया था। उस समय यह एक लाख का इनामी था। बताया जाता है कि अजय ने दो मई वर्ष 2022 में प्रॉपर्टी डीलर और टीटीई विजयशंकर सिंह को शराब पीने के दौरान विवाद में गोली मार दी थी।

## हाउस टैक्स नहीं भरा तो कार्रवाई तय, निगम की सख्ती से खौफ

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली में नगर निगम की सख्ती के चलते गृहकर बकायेदारों में खौफ साफ नजर आने लगा है। वर्षों से टैक्स टालते आ रहे लोग अब निगम दफ्तरों और ऑनलाइन पोर्टल पर कतारों में दिख रहे हैं। सख्त वसूली अभियान का असर यह है कि शहर के अलग-अलग जोनों से अब तक 50.42 करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है, जो निगम के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी के अनुसार, इस अभियान का सबसे अहम पहलू यह है कि करीब 25 हजार ऐसे करदाता सामने आए हैं, जिन्होंने जीवन में पहली बार गृहकर जमा किया है। चालू वित्त वर्ष में अब तक 57,673 लोग टैक्स अदा कर चुके हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 25 हजार अधिक है। इससे साफ है कि निगम की सख्ती का असर जमीनी स्तर पर दिख रहा है। शासन के निर्देश पर नगर निगम ने इस बार शत-प्रतिशत वसूली का लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में शहर के 2.20 लाख से अधिक मकानों को बकाया नोटिस जारी किए गए। नोटिस मिलते ही टैक्स न भरने वालों में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में बकायेदारों ने एकमुश्त भुगतान किया।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**संपादक समन्वय**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
पीयूष त्रिपाठी

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेलः noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालयः 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालयः 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


## सीतापुर के तहसील मुख्यालयों – कस्बों के चौराहों से हटेगा अतिक्रमण, लहरपुर में लगाए गए लाल निशान

■ पालिका प्रशासन ने निशान लगाकर दी नोटिस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



सीतापुर। उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर नगर के 5 चौराहों से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश के बाद अब कस्बों व तहसील मुख्यालयों में भी अतिक्रमण करने के खिलाफ प्रशासन ने विगुल फूंक दिया है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मंगलवार को नगर पालिका परिषद लहरपुर द्वारा नगर के प्रमुख चौराहों पर अवैध अतिक्रमण हटाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके तहत नगर के तीन चौराहों को चिन्हित करते हुए उनके चारों ओर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाएगा। यह कार्रवाई चौराहों से 150 मीटर की लंबाई में की जाएगी। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अनूप राय ने बताया कि पालिका टीम के साथ शहर बाजार, बिस्वां तिराहा गेट एवं मजा शाह चौराहे पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया गया है। इस दौरान टीम द्वारा दोनों ओर 150 मीटर की लंबाई नापकर निशान लगाए गए हैं ताकि अभियान के दौरान किसी प्रकार की असमंजस की स्थिति न रहे। अधिशासी अधिकारी अनूप राय ने बताया कि नगर में जल निकासी की व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पालिका द्वारा बनाए गए नालों के पीछे दो फुट तक किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नालों के ऊपर या उनके बहुत नजदीक बनाए गए अस्थायी व स्थायी निर्माण से पानी की निकासी बाधित हो रही है, जिससे बरसात के समय जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि चौराहें से 150 मीटर तक ठेले वालों को दूर किया जाएगा। पालिका प्रशासन ने लोगों से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की अपील की है। निर्धारित समय के बाद यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नगर पालिका द्वारा विधिक कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया जाएगा।

## एक्सप्रेस वे पर हुए हादसे में सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ का हुआ निधन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। सुबह भोर प्रहर उन्नाव जनपद के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हुए भीषण सड़क हादसे में फॉर्च्यूनर सवार चार लोगों की मौत हो गई थीं। घटना में चार लोगों का निधन हो गया,जिनकी पहचान सुभासपा के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल 55 पुत्र संतोष अग्रवाल के रूप में हुई । इसके अलावा अभिनव अग्रवाल 20 पुत्र सतीश अग्रवाल निवासी गोविंदपुरी मोदीनगर गाजियाबाद अवनीश कुशल 29 पुत्र रामकुमार निवासी संजीव नगर चकेरी कानपुर आकाश गुप्ता 32 पुत्र विनोद अग्रवाल निवासी मोदीनगर गाजियाबाद के रूप में हुई । बताते चलें कि अशोक अग्रवाल का गाजियाबाद में एक न्यूज़ चैनल भी है ,जिसके वह सीईओ हैं । वह काला नमक के बड़े व्यापारी भी थे। सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर से पारिवारिक रिश्ते भी थे । पंचायती राज मंत्री ओपी राजभर व उनके पुत्र अरविंद राजभर घटना की सूचना पाकर जिला अस्पताल उन्नाव पहुंचे और मृतकों के परिजनों से मुलाकात करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री ओपी राजभर ने कहा किअशोक अग्रवाल किसी राजनीतिक कार्यक्रम में नहीं जा रहे थे, वह अपने निजी काम से यात्रा पर थे। दुर्भाग्यवश सड़क दुर्घटना में उनकी और तीन अन्य लोगों की मृत्यु हो गई। आज पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और इसके बाद पार्थिव शरीर मोदीनगर ले जाया जाएगा। भारतीय समाज पार्टी और पूरी सरकार इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है।

## वाराणसी में आने वाले पर्यटकों को आकर्षित कर रहा शहरी सार्वजनिक परिवहन रोपवे का निर्माण कार्य



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में भारत का पहला शहरी सार्वजनिक परिवहन रोपवे को मई माह वर्ष 2026 तक शुरू करने की तैयारी है। आठ सौ करोड़ के लागत से बन रहे परिवहन रोपवे के बनने तक वाराणसी में आने वाले पर्यटकों के लिए इसका निर्माण कार्य भी आकर्षित करने वाला है। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि भारत सहित एशिया के पहले अर्बन रोपवे का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। बाहर से आने वाले पर्यटकों को रोपवे का निर्माण कार्य देखने में बेहद रुचि है। पर्यटक बड़ी संख्या में रोपवे निर्माण कार्य देखने जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि परिवहन रोपवे अगले वर्ष के मई माह तक बनकर तैयार होने की उम्मीद है। रोपवे के बनने के बाद वाराणसी जंक्शन रेलवे स्टेशन पर उतरने वाले पर्यटकों को काशी विश्वनाथ मंदिर तक की यात्रा करने में मात्र 20 मिनट का समय लगेगा। आसान हो जाएगा। रोपवे की कुल लंबाई लगभग 4 किलोमीटर है। इसके स्टेशनों में रेलवे स्टेशन कैंट, विद्यापीठ, रथयात्रा और गोदौलिया पर यात्रियों के आवागमन के लिए स्टेशन बनाए गए हैं।

# गंगा एक्सप्रेस-वे को नोएडा से जोड़ने के लिए बनेगा 74.3 किमी लंबा लिंक एक्सप्रेस-वे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



नोएडा। उत्तर प्रदेश में गंगा एक्सप्रेस-वे को यमुना एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के लिए 74.3 किलोमीटर लंबा लिंक एक्सप्रेस-वे बनाया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया तेज हो गई है। लिंक एक्सप्रेस-वे 56 गांवों की भूमि पर बनेगा। जिनमें गौतमबुद्ध नगर के 8 और बुलंदशहर के 48 गांव हैं। इस पर करीब 4,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

गंगा एक्सप्रेस-वे को यमुना एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेस-वे को बनाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। यमुना प्राधिकरण इसके निर्माण के लिए यीडा क्षेत्र के 16 गांव की करीब 740 एकड़ भूमि की खरीद करेगा। इसका सर्वे पूरा हो गया है। जनवरी से भूमि की खरीद शुरू हो जाएगी। 74.3 किलोमीटर लंबा लिंक एक्सप्रेस-वे एयरपोर्ट को भी जोड़ेगा। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) गंगा एक्सप्रेस-वे को यमुना एक्सप्रेस-वे को जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेस-वे बनाएगा। लिंक एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे पर 44.3 किलोमीटर यानी बुलंदशहर के सियाना क्षेत्र से शुरू होगा और यमुना एक्सप्रेस-वे के 24.8 किलोमीटर यानी सेक्टर 21 फिल्म सिटी के पास आकर जुड़ेगा। इस लिंक एक्सप्रेस-वे का करीब 20 किलोमीटर का हिस्सा यीडा क्षेत्र में है। इसमें से 9 किलोमीटर का हिस्सा एलिवेटेड होगा। सर्विस रोड के निर्माण से स्थानीय ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। इसके लिए 16 गांवों की लगभग 740 एकड़ भूमि खरीदी जाएगी। इस पर 1200 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यमुना विकास प्राधिकरण ने सर्वे के बाद भूमि खरीदने की तैयारी कर ली है। प्राधिकरण जमीन खरीदकर यूपीडा को सौंपेगा। एक्सप्रेस-वे का निर्माण यूपीडा ही करेगा। लिंक एक्सप्रेस-वे का निर्माण कुल 56 गांवों की भूमि पर होगा, जिनमें गौतमबुद्ध नगर के 8 और बुलंदशहर के 48 गांव हैं। इनमें 14 गांव खुर्जा तहसील के हैं, बाकी बुलंदशहर, सियाना और शिकारपुर तहसील के है। यह परियोजना करीब 4000 करोड़ रुपये में पूरी होगी। मेरठ से गंगा एक्सप्रेस-वे के यमुना एक्सप्रेस-वे से जुड़ने के बाद नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे और यमुना एक्सप्रेस-वे पर आगरा से ग्रेटर नोएडा तक की राह आसान हो जाएगी। साथ ही देश-विदेश से आने वाले यात्रियों को इस एक्सप्रेस-वे के जरिए मेरठ से प्रयागराज तक भी सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। नोएडा एयरपोर्ट से जुड़ने पर गंगा एक्सप्रेस-वे की उपयोगिता और बढ़ जाएगी। इसके अलावा लिंक एक्सप्रेस-वे का यमुना सिटी के औद्योगिक सेक्टर 28, 29, 32, 33 से भी सीधा जुड़ाव होगा। लिंक एक्सप्रेस-वे में गौतमबुद्ध नगर में जेवर तहसील के मेहंदीपुर बांगर, भाईपुर ब्रहमनान, रबुपूरा, भुन्नातगा, म्याना, फाजिलपुर और कल्लूपुरा की जमीन आ रही है।

वहीं, खुर्ज़ा तहसील के अमानुल्लापुर उर्फ मारहरा, इनायतपुर उर्फ मधुपुरा, कपना, भगवानपुर, हसनपुर लडूकी, बीघेपुर, सनैता शफीपुर, भदौरा, वरतौली, खवरा, धरारी, दीनौल, खलसिया चूहरपुर, विचौला, धरांऊ की जमीन आ रही है। बुलंदशहर तहसील के औरंगाबाद, हिंगथला उर्फ भावसी, चरौरा मुस्तफाबाद, सैदपुरा, इस्माइला, सराय छबीला, अडौली, दोहली, चिरचिटा, मामन खुर्द, मामनकुलां, भाईपुर, ऐमनपुर, कलौली, बंगला पूठरी, पिपाला इखलासपुर, मूडीवकापुर, चिरचिटाकी जमीन आ रही है। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि 'गंगा एक्सप्रेस-वे को यमुना एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के लिए 74 किलोमीटर लंबा लिंक एक्सप्रेस-वे बनना है। इसके लिए यीडा क्षेत्र में 16 गांव की 740 एकड़ भूमि की खरीद होगी, जिसका सर्वे पूरा हो गया है। जनवरी से जमीन की खरीद शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि लिंक एक्सप्रेस-वे बनने से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आने में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को काफी आसानी होगी।